

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 163 | ग्वालियर शनिवार 20 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

# दिग्विजय, सिंधिया और सुमेर सिंह पहुंचे राज्यसभा

- गुजरात में भाजपा को तीन, कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट
- आंध्र प्रदेश की चारों सीटों पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की
- राजस्थान में कांग्रेस को दो सीटें मिलीं और भाजपा एक सीट जीती
- मेघालय की एक राज्यसभा सीट पर एमडीए के डॉ। डब्ल्यूआर खरखुली जीते
- झारखंड में एक सीट झामुमो तो दूसरी भाजपा के खाते में, कांग्रेस खाली हाथ







**नई दिल्ली/भोपाल।** 8 राज्यों की 19 राज्यसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान के बाद परिणाम घोषित किए गए। गुजरात में कश्मकश के बाद देर रत घोषित परिणाम में भाजपा को तीन कांग्रेस को एक सीट मिली। मप्र में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया और सुमेर सिंह सोलंकी तथा कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह की जीत हुई, वहीं फूल सिंह बरैया की हार हुई। राजस्थान की 3 में से 2 सीटें कांग्रेस के पास गई हैं। पार्टी के केसी वेणुगोपाल और नीरज डांगी जीते। भाजपा को एक सीट मिली, पार्टी के राजेंद्र गहलोत को जीत मिली। आंध्र प्रदेश की 4 सीटों पर सीएम जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस को जीत मिली। झारखंड की दो सीटों में एक झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में गई तो दूसरी सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की। वहीं, मेघालय में मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस के डॉ। डब्ल्यूआर खरलुखी ने जीत दर्ज की। झारखंड की दो सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा को जीत मिली। गुजरात की चार राज्यसभा सीटों पर हुए चुनाव में तीन सीटें बीजेपी के खाते में गईं जबकि एक सीट पर कांग्रेस कब्जा जमाने में कामयाब रही। बीजेपी उम्मीदवार अभय भारद्वाज, रमिलाबेन बारा और नरहरी अमीन चुनाव जीत गए हैं। कांग्रेस उम्मीदवार शक्ति सिंह गोहिल भी राज्यसभा सांसद चुन लिए गए हैं। लेकिन कांग्रेस के दूसरे उम्मीदवार भरत सिंह सोलंकी को हार का मुंह देखना पड़ा। बता दें कि राज्यसभा की 19 सीटों में आंध्रप्रदेश की चार, गुजरात की चार, मध्यप्रदेश में तीन, राजस्थान में तीन, झारखंड में दो और मणिपुर, मिजोरम और मेघालय में एक-एक सीट पर मतदान हुआ।



दिग्विजय सिंह के राज्यसभा चुनाव जीतने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### किस राज्य में क्या रही स्थिति

**आंध्रप्रदेश:** पिल्ली सुभाष चंद्र बोस वाईएसआर कांग्रेस जीत मोपीदेवी वेंकट रमन्ना वाईएसआर कांग्रेस जीत अयोध्या रामीरेड्डी वाईएसआर कांग्रेस जीत परिमाल नाथवानी वाईएसआर कांग्रेस जीत वर्ला रामैया तेलुगूदेशम पार्टी हार

**मध्यप्रदेश:** ज्योतिरादित्या सिंधिया भाजपा जीत सुमेर सिंह सोलंकी भाजपा जीत दिग्विजय सिंह कांग्रेस जीत, फूल सिंह बरैया कांग्रेस हार

**राजस्थान:** प्रत्याशी पार्टी जीत/हार केसी वेणुगोपाल राय कांग्रेस जीत नीरज डांगी कांग्रेस जीत राजेंद्र गहलोत भाजपा जीत ओंकार सिंह लखावत भाजपा हार

**झारखंड:** प्रत्याशी पार्टी जीत/हार शिबू सोरेन झामुमो जीत दीपक प्रकाश भाजपा जीत शहजादा अनवर कांग्रेस हार –

**मेघालय:** डॉ। डब्ल्यूआर खरखुली एमडीए जीत, कैनेडी खीरीयम कांग्रेस हार

**मिजोरम:** मिजोरम की एक राज्यसभा सीट के लिए हुई वोटिंग में एमएनएफ के उम्मीदवार पुके वनलालवेना को जीत हासिल हुई है।

मणिपुर: मणिपुर में सत्तारूढ़ गठबंधन के नौ सदस्यों के इस्तीफे के कारण स्थिति पेचीदा हो गई है। भाजपा ने यहां की एक सीट पर लीसेम्बा सानाजाओबा को और कांग्रेस ने टी मंगी बाबू को उम्मीदवार बनाया था। यहां भाजपा प्रत्याशी लीसेम्बा सानाजाओबा की जीत हुई।

### सर्वदलीय बैठक

# सोनिया ने पीएम से किए तीखे सवाल

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच लद्दाख में जारी विवाद और हिंसक झड़प में शहीद हुए भारत के 20 जवानों को लेकर देश भर में जमकर गुस्सा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने बाद केंद्र सरकार से पूछा कि गलवान घाटी में जो कुछ भी हुआ क्या वह इंटेलिजेंस फेल्योर था। देश जब्त किए गए इलाके को मुक्त करने का आश्वासन चाहता है। सरकार को यह बैठक पहले बुलानी चाहिए थी। सोनिया गांधी ने कहा कि हम सरकार से यह स्पष्ट आश्वासन चाहेंगे कि पूरे सीमा क्षेत्र में पहले की यथास्थिति हर हालत में सुनिश्चित हो। चीन पहले की तरह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति में अपनी सेना की वापसी करेगा। उन्होंने कहा कि असल में इतना समय गुजर जाने के बाद भी इस संकट के अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में हमें अंधेरे में रखा गया है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का यह मानना है कि 5 मई से लेकर 6 जून के बीच का बहुमूल्य समय हमने गंवा दिया, जब दोनों देशों के कोर कमांडर्स की बैठक हुई। 6 जून की इस बैठक के बाद भी, चीन के नेतृत्व से राजनैतिक ओर कूटनीतिक स्तरों पर सीधे बात क्यों नहीं की गई।



### चीन लोकतांत्रिक नहीं वहां तानाशाही, भारत जीतेगा और चीन की हार होगी - ममता

**नई दिल्ली।** चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर झड़प और 20 जवानों की शहादत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मुद्दे पर खुलकर सरकार का समर्थन किया। ममता बनर्जी ने अपने वक्तव्य में कहा, %सर्वदलीय बैठक राष्ट्र के लिए एक अच्छा संदेश था और इसने दिखाया कि हम अपने जवानों के पीछे एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मजबूती से सरकार के साथ खड़ी है। ममता ने कहा, %हम ऐसा कुछ भी नहीं कहेंगे जिससे गलत संदेश जाए। हम आंतरिक रूप से सवाल भी पूछेंगे। हम चीन के आगे सिर नहीं झुकाएंगे। चीन कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। वहां तानाशाही है।

## कोरोना संक्रमण का नया रिकॉर्ड, शुक्रवार को मिले 14,238 नए मरीज

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण का नया रिकॉर्ड बन गया है। शुक्रवार को पहली बार 1 दिन में 14238 कोरोना के संक्रमित मरीज मिले हैं और आज 371 लोगों की मौत हुई, जबकि 10775 लोग इस बीमारी से ठीक भी हुए। इस प्रकार शुक्रवार रात 10 बजे तक 3,90,801 मरीज मिल चुके थे। अब तक ठीक होने वाले लोगों की संख्या 2,11,055 हो गई है। शुक्रवार को पहली बार 1,76,959 कोरोना वायरस टेस्ट किए गए। इसी कारण संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ कर आई। शुक्रवार तक 64 लाख 26 हजार 627 लोगों के कोरोना टेस्ट हो चुके हैं। महाराष्ट्र में शुक्रवार को 3,827 नए मामले आने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 1,24,331 हो गई। यहां पर अब तक 5,893 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार के यहां 142 लोगों की मौत हुई। तमिलनाडु में शुक्रवार को 2,115 मरीज मिले और पीड़ितों की संख्या बढ़कर 54,449 हो गई। 41 नई मौतों के साथ यहां पर मरने वालों की संख्या 666 हो गई है। जबकि 30,271 ठीक हो चुके हैं। दिल्ली में अब तक 49,779 मामले मिल चुके हैं। शुक्रवार को देर रात तक नया आंकड़ा अपडेट नहीं हुआ था। यहां पर 1969 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21,341 ठीक हो चुके हैं। गुजरात में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 540 नए मामले सामने आने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 26,198 हो गई। इनमें से 1619 की मौत हो चुकी है जबकि 18,159 ठीक हो चुके हैं। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में 809 मामले सामने आए और पीड़ितों की संख्या बढ़कर 16,594 हो गई। इनमें से 507 की मौत हो चुकी है।

## आर्बीटर की बड़ी खोज, मंगल पर दिखी हरे रंग की परत, ये ऑक्सीजन होने का सबूत

**लंदन।** यूरोपियन स्पेस एजेंसी गैस ऑर्बिटर ने मंगल ग्रह की कुछ चौंकाने वाली तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों में मंगल हरे रंग की एक परत से घिरा हुआ नजर आ रहा है। जो कि देखने में कुछ-कुछ पृथ्वी के ऊपरी वातावरण जैसा लग रहा है। स्पेस एक्स डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, मंगल के चारों तरफ मौजूद इस गोले में ऑक्सीजन है, जिसके चलते यह हरे रंग का नजर आ रहा है। एस्ट्रोनॉट्स करीब 40 साल से मंगल पर ऑक्सीजन की मौजूदगी का दावा करते आ रहे हैं। लेकिन पहली बार इसका सबूत मिलने से वह बेहद उत्साहित हैं चार साल से मंगल का चक्कर काट रहे एक्सोमार्स ट्रेस ऑर्बिटर (टीजीओ) को पहली बार चमकती ऑक्सीजन दिखाई दी।



## पूरे देश में एक रेट पर हो कोरोना के टेस्ट, शवों को करें सही तरीके से हैंडल: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश के अलग-अलग राज्यों में कोरोना वायरस संक्रमण के टेस्ट की अलग-अलग कीमतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक रेट तय करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कहीं पर 2200 रुपये में कोरोना टेस्ट हो रहा है, तो कहीं पर 4500 रुपये में हो रहा है। ऐसा न हो कर कोरोना के टेस्ट के रेट को फिक्स किए जाएं। पूरे देश में टेस्ट के रेट एक जैसे ही हों। सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों में कोरोना के मरीजों के इलाज और शवों को सही तरीके से हैंडल करने को लेकर स्वत- संज्ञान पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश ने कहा कि एक्सपर्ट्स की एक टीम अस्पतालों दौरा करे। अस्पताल के वार्ड्स के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज और शवों को हैंडल करने की प्रक्रिया में जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर किया जाए। इसके साथ ही न्यायाधीश ने कहा कि हमने सुना है कि किसी राज्य में कोरोना के टेस्ट की रिपोर्ट मरीज़ या उसके रिश्तेदारों को नहीं दी जा रही है। इसका क्या लॉजिक है? सभी राज्यों में एक जैसे ही नियम हों। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के वकील से भी सवाल किए। न्यायाधीश ने दिल्ली सरकार के वकील से पूछा कि एक ट्रॉमा सेंटर बनाने के लिए 60 करोड़ रुपए का एक फंड दिया गया था, उसका क्या हुआ? अगर उसका इस्तेमाल नहीं किया गया है तो हम देखते हैं कि उसका क्या करना है।



### रथयात्रा रोकने के फैसले पर पुनर्विचार चाहते हैं शंकराचार्य

**नई दिल्ली।** पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और जगन्नाथ मंदिर के पुजारियों ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि उच्चतम न्यायालय को रथयात्रा रोकने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि भक्तों को मंदिर परिसर में सावधानी के साथ त्योहार मनाने की अनुमति देनी चाहिए। शीर्ष अदालत के %माजे परब% को रोक देने के फैसले को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि रथयात्रा को रोकने का निर्णय का हालांकि पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए और समारोह का संचालन करने के लिए केवल कुछ गिने-चुने सेवकों की अनुमति देनी चाहिए।

# गलवान के आसमान में शांति जमीन पर तनाव बरकरार

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच चार बिंदुओं पर गतिरोध जारी है। हालांकि दोनों देश गलवान सेक्टर में सैन्य कमांडर स्तर पर लगातार बातचीत कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रेलिंग प्वाइंट 14 गालवान पर भारत-चीन स्टैंड-ऑफ, पेट्रेलिंग प्वाइंट 15 कोंगका ला और पेट्रेलिंग प्वाइंट 17 हॉट स्प्रिंग्स के पर विचार-विमर्श में कई सप्ताह लग सकते हैं। वहीं पैंगोंग त्सो में स्टैंड-ऑफ के लिए और समय लगेगा। वहीं, पूर्वी लद्दाख में तब कुछ सकारात्मक संकेत मिले जब गुरुवार की रात चीनी पीएलए वायु सेना का कोई लड़ाकू विमान आसमान में नहीं दिखा और दोनों सेनाओं ने नियमों का पालन किया। दोनों सेनाओं द्वारा सैन्य प्रोटोकॉल निर्धारित करने के सख्त पालन से किसी भी टकराव की संभावना अब कम हो गई है। बता दें कि बीते 15 जून की रात गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सेना की झड़प में चीन के 40 से ज्यादा जवान या तो घायल हुए या मारे गए। वहीं 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। सैन्य सूत्रों ने जानकारी दी कि इससे पहले पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हिंसक झड़प वाले स्थान के पास भारत और चीन की सेनाओं के डिविजनल कमांडरों के बीच बैठक बेनतीजा रही। मेजर जनरल स्तरीय बातचीत में गलवान घाटी से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया को लागू करने पर चर्चा हुई । छह जून को दोनों पक्षों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता में इसी पर सहमति बनी थी। लेह स्थित 3 इन्फेंट्री डिविजन के कमांडर मेजर जनरल अभिजीत बापट ने वार्ता में भारतीय प्रतिनिधित्व का नेतृत्व किया।



## निलंबित डीएसपी दविंदर सिंह को जमानत,

**नई दिल्ली।** आतंकवादियों की मदद करने एवं देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपी जम्मू कश्मीर पुलिस के निलंबित डीएसपी दविंदर सिंह को शुक्रवार 19 जून को जमानत मिल गई है। दिल्ली पुलिस निलंबित डीएसपी दविंदर सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई, जिसके कारण डीएसपी दविंदर सिंह को दिल्ली की अदालत से जमानत मिल गई है। इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने पिछले महीने दविंदर सिंह की न्यायिक हिरासत 16 जून तक के लिए बढ़ा दी थी। दविंदर सिंह को श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर एक वाहन में हिज्बुल मुजाहिदीन के दो आतंकवादियों को ले जाते हुए इस साल के प्रारंभ में गिरफ्तार किया गया था।



# मप्र में स्कूल शिक्षा विभाग ने लगाई प्राईमरी कक्षाओं की ऑनलाइन क्लासेस पर रोक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं की ऑनलाइन क्लासेस पर रोक लगा दी है। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ये रोक निजी और सरकारी दोनों स्कूलों पर रहेगी। मिडिल सेक्शन की ऑनलाइन क्लासेस के लिए भी समय निर्धारित कर दिया गया है। स्कूलों को एनसीईआरटी की ओर से तैयार कोविड-19 के दौरान सुरक्षित ऑनलाइन क्लासेस के नियमों का पालन करना होगा। कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कारण देश के साथ मध्य प्रदेश में भी सारे स्कूल-कॉलेज बंद हैं। पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए ऑनलाइन क्लासेस ली जा रही थीं। लेकिन एमपी में अब स्कूल शिक्षा विभाग ने प्री-प्रायमरी और पहली से लेकर पांचवी तक यानि प्री प्राइमरी सेक्शन की ऑनलाइन क्लासेस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। इसी के साथ कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक मिडिल सेक्शन के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का समय निर्धारित कर दिया है। छठवीं से लेकर आठवीं तक के स्टूडेंट के लिए दिन में केवल दो ही सत्र होंगे। वो भी 30 से लेकर 45 मिनट से ज्यादा के नहीं होना चाहिए। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह भी आदेश दिया है कि ऑनलाइन कक्षाओं की रिकॉर्डिंग भी स्टूडेंट्स को भेजी जाएगी, ताकि स्टूडेंट्स अपनी सुविधा के अनुसार रिकॉर्डिंग देख कर पढ़ाई कर सकें। स्कूलों को एनसीईआरटी की ओर से तैयार कोविड-19 के दौरान सुरक्षित ऑनलाइन क्लासेस के नियमों का पालन करना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि प्रदेश भर के कई परिवार और छात्र-छात्राओं के पास डिजिटल डिवाइस अथवा डाटा रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध नहीं है।



### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे रूस का दौरा, चीनी नेताओं से नहीं करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस की यात्रा पर जाने वाले हैं। हालांकि, राजनाथ सिंह अपनी मॉस्को यात्रा के दौरान शीर्ष चीनी नेताओं से मुलाकात नहीं करेंगे। राजनाथ सिंह 22 जून को रूस रवाना होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नाजी जर्मनी पर विजय हासिल करने की 75वीं वर्षगांठ पर शामिल होने के लिए रूस जा रहे हैं। राजनाथ सिंह के साथ भारतीय रक्षाकर्मी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजनाथ सिंह मॉस्को में शीर्ष रूसी नेताओं और अन्य देशों के नेताओं से मिलेंगे, लेकिन लद्दाख तनाव के चलते वह चीन के नेताओं से मुलाकात नहीं करेंगे। राजनाथ सिंह के साथ रक्षा सचिव अजय कुमार और प्रत्येक सशस्त्र बल के एक शीर्ष अधिकारी होंगे।



# समाज को आइना दिखाने का काम करती है मीडिया...कलेक्टर प्रियंका दास

केशव पडित अम्बाह?

अम्बाह...आज कोरोना जैसी महामारी बीमारी के प्रति जल्दी मुक्त होने के लिये अम्बाह के ब्राइट कैरियर स्कूल में आचार्य आनन्द क्लब द्वारा सभी अधिकारी गण राजस्व बिभाग व पुलिस नगर पालिका व समाज सेबी संगठन कौराना यौध्दाओ के सम्मान में खास प्रोग्राम रखा गया जिसमे कलेक्टर महोदया प्रियंका दास के हाथो से दीप प्रज्जुलित कर सभी कोराना योद्धाओ को शॉल व प्रंससा पत्र देकर सभी को सम्मानित किया तदौपरान्त श्रीमती दास ने कहा शहर व अंचल के सभी समाज सेबी संगठनो व सेबा कार्य में जुडे महानुभावो का बहुत बहुत धन्यबाद करती हू और आशा रखती हू सभी का सहयोग हमेशा इसी तरह मिलता रहैगा और आचार्य आनन्द क्लब की सेबाये हमे हमेशा इसी तरह मिलती रहैगी पूरी टीम को स्पैशल बधाई आचार्य आनन्द क्लब ने इस कौराना महामारी के दौरान अम्बाह समाज सेबी संस्थाओ द्वारा जो समाज के हित मे कार्य इस कौराना मे लॉकर उनके त्याग व परिश्रम के लिये होसला बढाया कोरोना जैसी महामारी बीमारी मे समाज व देश की रक्षा करते हुये कन्धे से कंधा मिला कर व अपनी जीबन की परबाह न करते हुऐ 24 घन्टे कार्य कर आचार्य



आनन्द क्लब, व दिगम्बर जैन शौसल ग्रुप, बिजय परमार मित्र मंडल , राष्ट्रीय स्वम सेबक संघ, मैत्री फाउंडेशन, जयश्वर महादेव सेबा समिति, क्लीन ग्रीन टीम, छोटेलाल चतुर्बैदी समिति, नीतू गोपी मित्र मंडल, रोटरी क्लब ,आर्ट ऑफ लिबिंग, संजीबनी संस्था, रघुराज फ्रेडर्स, मंडल प्रमोद मित्र मडल, सभी संस्थाओ के समाज सेबियो को तह दिल से धन्यबाद करती हू और इनका सहयोग हमेशा इसी प्रकार मिलता रहैगा!

अम्बाह एसडीएम विनोद सिह एसडीओपी अबनीश बंसल ने अम्बाह के पत्रकारो के प्रति आभार ब्यक्त करते हुये कहा पत्रकारिता समाज सरकार के बीच एक ऐसा दोहरा आइना माना जाता है जिसमे सरकार और समाज दौनो अपना अपना स्बरूप देखकर उसमे सुधार कर सकते है पत्रकारिता समाज मे दबे कुचले बेजुबान लोगो की जुबान माना जाता है ओर अन्याय उत्पीडन के बिरूध आबाज बुलन्द करने का एक शसक्त माध्यम माना गया है पत्रकारिता ब्यबसाय नही बल्कि एक पत्रकार और पत्रकारिता समाज और सरकार की तस्बीर प्रस्तुत करके बास्तविकता से परिचय कराती है पत्रकारिता के हर क्षेत्र पत्रकार की भूमिका निभाना दुव्श्रार होरहा है क्यो कि पत्रकार के हर क्षैत्र मे समाज द्रोही अराजकतत्व भ्रष्ट सभी पत्रकारो को अपना दुश्मन मानने लगे है अम्बाह के पत्रकारो न कोराना मे जो सहयोग व होसला अफजाई किया जो काबिले तारीफ है एक बार सभी पत्रकारो को पुनः धन्यबाद इस प्रकार आज के इस कार्यक्रम मे आचार्य आनन्द क्लब के सचिब मनोज पडित ने आभार ब्यक्त किया! आयोजन में अरबिन्द माबई दुष्यंन्त तोमर बिश्वनाथ गुर्जर अंकित मिश्रा श्याम सिकर वार आदि का प्रमुख सहयोग रहा!...

## विमला यूथ पॉवर जिडीओ पलक गौतम

मैं विमला युथ पॉवर जिडीओ की सचिव समाजसेविका पलक गौतम समाचार पत्र के माध्यम से किसानों के साथ हो रहा खिलवाड़ इसलिए में सरकार से कुछ सवाल पूछना चाहुगी की अगर कोई हीरो एक्टिंग अच्छी करता है तो उसे अवॉर्ड दिया जाता है कोइ कर्मचारी काम अच्छा करता है तो उसे प्रमोशन दिया जाता है और यही हमारे देश के किसान दिन रात मेहनत करके अच्छी से अच्छी फसल उगाते है तो बीज के दाम ही कम कर दिया जाता



## तहसील खेरागढ़ में

# रजिस्टार ऑफिस के करमचारी व बकील मिलकर लगा रहे हैं राजस्व को चुना

जितेंद परमार रिपोर्टर

**आगरा।** कस्बा खेरागढ़ नगला उदैया रोड पर एक मकान की रजिस्ट्री दिनांक 18/6/2020को करवाई गई है।विक्रेता श्री मती किरन देवी पत्नी विजयपाल ग्राम आएल के निवासी हैंऔर खरीदने वाले इन्दु बंसल पत्नी त्रिलोक चंद बंसल निवासी नगला उदेय रोड खेरागढ़ के द्वारा लिया गया है पिंनजिसमे पहले से दुकान बनी हुई थी और रजिस्ट्री से पहले दुकान को बाहर से फर्जी तरीके से शटर के सामने एक ईट की दीवार लगाकर बन्द करवा दिया गया है। और दुकान पर शटर अब भी लगी हुई है। दीवार को कभी भी तोडकर पुन्हें दुकान बनाया जा सकता है और मकान 2 दो मंजिल बना हुआ है और केई कमरे भी बने हुए है। पर कम स्टाम्प लगवाने के लिए और राजस्व



को पैसो का चूना लगाने के लिए तीनो दुकानों को छिपा दिया गया और मकान को एक ही मंजिल दिखाते हुए बैवनामा करवा दिया गया है कुछ पैसो के खातिर बकील रामगोपाल व रजिस्टार ऑफिस के करमचारी की मिली भगत से ही यह कार्य किया गया है और राजस्व को भी चुना लगाया गया है जिसकी जांच सही तारीखे से की जानी अनिवार्य है।

# आर्ट ऑफ लिविंग करवाएगा लाखों लोगों को ऑन लाइन योग

अभिषेक मिश्रा, हिमाचल प्रदेश

**- योग दिवस पर आर्ट आफ लिविंग का अनूठा आयोजन, आर्ट ऑफ लिविंग के 20 हजार शिक्षक देंगे निर्देश**

अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा विशेष आयोजन किया जा रहा है जिस दिन लाखों लोग ऑनलाइन योग करेंगे जिसे आर्ट ऑफ लिविंग के 20 हजार शिक्षक करवाएंगे। योग शिक्षकों द्वारा निर्देशित योग प्रोटोकॉल के आधार पर योग किया जाएगा। इसके बाद गुरुदेव श्री श्री रविशंकर वर्ल्ड मेडिटेशन कराएंगे। यहाँ पर उलेखनीय हे कि 18 से 21 जून के मध्य होने वाले 'श्री श्री योग उत्सव' में भाग लेने के लिए एक लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो आर्ट ऑफ लिविंग के साथ सूर्य नमस्कार चैलेंज स्वीकार करेंगे।बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग का इंटरनेशनल सेंटर छठे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।जिसमें 156 देशों के 20 हजार श्री श्री योग शिक्षकों के साथ लाखों लोग भाग लेकर इस प्राचीन अभ्यास का उत्सव मनाएंगे और सामान्य योग प्रोटोकॉल के आधार पर योग करेंगे। इसके बाद वैश्विक आध्यात्मिक नेतृत्व कर्ता गुरूदेव श्री श्री रविशंकर शांति और सामंजस्य के लिए वर्ल्ड मेडिटेशन कराएंगे। 21 जून को शाम 6 से 8 बजे के बीच इस आयोजन का सीधा प्रसारण यू ट्यूब पेज ( You Tube.com/Sri Sri )पर किया जाएगा। छठा अन्तर्राष्टीय योग दिवस मनाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग हेड क्वार्टर में अनेक आयोजनों का प्रबन्ध किया गया है ।योग उत्साही चिंता और तनाव को दूर करने में योग की प्रभावशीलता का लोहा मानते हैं,जो लॉक डाउन में जीवन पर दो सर्वव्यापी अभिशाप हैं। योग हमारे दैनिक जीवन में अनुभव किए जाने वाली नकारात्मक भावनाओं को प्रसन्नता, स्थिरता एवम् शांति में परिवर्तित कर देता है। जीवनशैली की अव्यवस्थाओं, जिनकी जड़ें तनाव, थकान, आराम पसंद व गलत जीवनशैली में हैं, को संभालने के लिए योग समय - समय पर परीक्षित की गयी औषध है. गुरुदेव श्री श्री रविशंकर योग के विज्ञान और केवल शारीरिक रूप से किए जाने वाले आसनों के बीच अंतर को बताते हुए कहते हैं,卐 मनुष्य के सम्पूर्ण सामर्थ्य का उदय होना ही योग है। दुख को आने से पहले ही रोक देना योग है। योग वह लहर है जो अपनी गहराई से जुड़ी है।यह हमें प्रसन्नता के स्रोत की ओर ले जाता है, जो मानवजाति की सर्वश्रेष्ठ संपत्ति है। संपत्ति का उद्देश्य प्रसन्नता एवम् विश्राम प्रदान करना है और योग सम्पूर्ण विश्राम प्रदान करता है।

# भारतीय नमो संघ परिवार ने कैंडल मार्च निकाल कर शहीद जवानों को अश्रुपूर्ण भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**भिंड।** भारतीय नमो संघ संगठन के राष्टीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत चीन बॉर्डर पर भारतीय सैनिकों पर प्राणघातक हमला किये जाने तथा चीनी वस्तुओं सामग्री के विरोध में भारतीय नमो संघ संघठन द्वारा जय स्तंभ शहीदे आजम भगत सिंह प्रतिमा स्थल पर कैंडल मार्च निकालकर शहीद हुए जवानों को शोक संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर नम आंखों से अश्रु पूर्ण भाववीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, एवं उसके बाद चीनी बस्तुओं का ओर चीन के राष्टपति का पुतला दहन किया गया, इस अवसर पर भारतीय नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेस दीक्षित ने कहा कि भारत चीन सीमा लद्दाख़ गलवान घाटी में देश की सुरक्षा हेतु जिस प्रकार अदम्य साहस शौर्य वीरता का परिचय देते हुए माँ भारती के लाडले सपूतों ने अपने आप को राष्ट के लिए कुर्वान कर दिया, ऐसे परम् वीर अमर वलिदानियो को कोटि कोटि नमन करते हैं, उन्होंने आगे कहा ऐसे अमर वलिदानियो को कभी नही भुलाया जा सकता इतिहास में हमेशा ऐसे वलिदानियो की अमर गाथा जीवित रहेगी,मुकेश दीक्षित ने आगे कहा कि माँ भारती के लाडले



सपूत सैनिकों ने अपने प्राणों को राष्ट के लिए न्यौछावर करते हुए अपने अदम्य साहस और वीरता को जिस तरह प्रदर्शित किया और भारतीय सैनिकों ने दुश्मन देश को बता दिया कि हम उस भारत भूमि के वेटे है जो भारत भूमि ऋषि मनीषियों संत महात्माओं ओर वीरो की भूमि है,जंहा स्वम ईस्वर ने अवतार लिया था, मुकेश दीक्षित ने आगे कहा कि जिस तरह छल कपट पूर्वक चीन ने भारतीय जवानों पर प्राण घातक हमला किया ओर उनको भी हमारे वीर भारतीय सैनिकों ने ईंट का जवाब पत्थर से दिया,उन्होंने आगे कहा जिस प्रकार हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्व में पुलवामा सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी, ओर देश को अखंड भारत निर्माण की ओर ले जाने के लिए धारा 370,ओर 35 ड्ड का खात्मा किया गया और देश हित मे बड़े बड़े निर्णय फैसले लिए गए,उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा था और हमारी एकता अखंडता के विरुद्ध सडयंत्र रचता रहता था लेकिन हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय वीर सेनिको ने पाकिस्तान और उसके आतंकवाद के मुंह पर कड़ा तमाचा मारा था और पाकिस्तान को सबक शिखाया था,उन्होंने आगे कहा कि अब चीन भारत को आंख दिखाने की कोशिश कर रहा है लेकिन हमारे वीर भारतीय सेनिको ने चीनी सैनिकों को दिखा दिया है कि हम उस भारत के वेटे है हम एक एक भारतीय सैनिक, दश दश ,दुश्मन सेनिको पर भारी है,इस अवसर पर नमो संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक इमरान अली खान,संभागीय महामंत्री मनोज जैन,जिला अध्यक्ष फरमान हुसेन,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मीना देवी,महामंत्री हिरदेश सोनी, समाजसेवी एडवोकेट महेश मिश्रा,भाजपा नेता गो सेवक कौशलेंद्र सिंह राजावत,रमेश चंद्र दुवे,प्रभाष जैन,नमो संघ संभागीय मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव,रहीश खान,जितेंद्र भदोरिया, दीपक तिवारी इंदुर्खी, हरी राजावत,दिलीप यादव ,शिवम दुवे,आशुतोष शर्मा एड,रहीश खान,मुन्ना खान,अनिल शर्मा,सहित कई नमो संघ और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चीनी सामग्री का वहिष्कार कर चीन के राष्टपति का पुतला दहन किया एवं शहीद सैनिकों को नम आंखों से अश्रु पूर्ण भावबीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की,,,



# पुर्व सांसद व वर्तमान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भैया का बहुत जोरदार हुआ स्वागत

जितेन्द्र सिंह परमार, चिप रिपोटर खेरागढ

आगरा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्टीय उपाध्यक्ष श्री अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भैया जी के पुर्व सांसद व वर्तमान एमएलसी आगरा के एडीए टोल प्लाजा पर बहुत जोरदार आगमन पर स्वागत करते हुए जनसत्ता दल पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थिति रहे ओर गोपाल भैया जी ने इस कोराना जेसी महा बीमारी से बचाव के लिए सभी को घर पर रहने को कहा ओर ज्यादा ही आवश्यक काम हो तभी घर से बहार निकले ओर भईया ने शोसल डिस्टेंस का पालन किया गया सभी कार्यकर्ता ओ के घर परिवार की जानकारी ली ओर इस कोराना महामारी मे सभी भाइयों से कहा कि गरीब लोगों की सहायता करे ओर सब दुरी बनाये रखजिलाध्यक्ष ठाकुर यमराज सिंह ,डा.संजय सिंह चौहान,लोकेन्द्र सिकरवार, अजय चोहान,सुरेन्द्र सिंह परमार ब्रजेश सिंह परमार, मोहित परिहार ,अजीत सिंह परमार जीतेन्द्र त्यागी, ओर आदि लोग मोजूद रहे।

# जिला लघु उद्योग संघ ने चीन की घटिया हरकत पर किया रोष प्रकट

**- उपायुक्त के माध्यम से प्रधान मंत्री को सौंपा ज्ञापन कहा चीन से समुचित बदला लिया जाए**

अभिषेक मिश्रा राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

बिलासपुर जिला लघु उद्योग संघ ने गलवान घाटी में भारतीय सेना के जाबांजो के ऊपर चीनी घुसपैठियों द्वारा हमारे वीर सैनिकों को कायराना रूप से हमला कर उन्हें मौत के मुंह भेजने पर गहरा शोक व्यक्त किया है और उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेज कर आग्रह किया है कि चीन से समुचित बदला लिया जाए । संघ के प्रधान प्रेम डोगरा और सचिव संजीव शर्मा की अगुआई में संघ के अन्य सदस्यों जसजीत वालिया, हर्ष दबड़ा, के डी ठाकुर, पवन कुंदी, इंद्र ठाकुर, लछु राम ठाकुर व अरुण डोगरा रीतू ने कहा कि इस घटना से हर हिंदुस्तानी दुखी और आक्रोशित है7 जिला लघु उद्योग संघ बिलासपुर भी इस दुख में अपने आप को समस्त उद्योगपतियों सहित शामिल करता है7 चीन की इस कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा करता है7 प्रेस सचिव अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि जिला लघु उद्योग संघ ने एक बैठक कर के सैनिकों की पुण्य आत्माओं को स्वर्गवास की प्रार्थना तथा परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और प्रस्ताव पारित किया कि भारत सरकार को तुरंत चीन से सभी प्रकार के व्यापारिक संबंध विच्छेद कर



लेने चाहिए7 चीन से आयात पर शत-प्रतिशत प्रतिबंध लगाया जाए7 चीन विशेषकर सौर ऊर्जा, दूरसंचार क्षेत्र, मोबाइल तकनीक तथा उसके विक्रय में देशभर में बहुत बड़ा व्यापार करता है7 देश की फार्मा, टायर, कलपुर्जे, घरेलू सामान इत्यादि पर भी चीन ने बहुत बड़ा जाल बुन रखा है7 उन्होंने बताया कि इंटरनेट के क्षेत्र में अधिकतर एप्स तथा ब्राउज़र चीन के स्वामित्व में है जिनके माध्यम से देश की सुरक्षा और गोपनीयता खतरे में है7 बच्चों, नौजवानों में टिक टॉक और डेटिंग साइट्स के कारण हमारी पीढ़ियां को कमजोर करने में चीन ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है7 चीन की दमनकारी नीतियों के कारण वहां कारीगर या परिश्रम करने वालों का शोषण करके बहुत कम लागत पर सामान तैयार करके देश के उद्योगों को बहुत हानि पहुंचाई जा चुकी है7 हमारा उत्पाद तथा श्रमिकों को उनके जीवन यापन हेतु समुचित पारिश्रमिक देकर भी चीन के उत्पाद के कम मूल्य में मिलने के कारण बाजार से ओझल हो रहा है7 तमिलनाडु में शिवकाशी का पटाखा उद्योग जो वर्ष भर मजदूरों तथा उत्पादों को रोजी-रोटी देता था अब बंद होने के कगार पर है7 लेकिन अब भारत के सैनिकों के साथ बर्बरता के कारण यह आक्रोश अपने चरम पर है वर्ष 2013 तक अक्साई चीन से लेकर राथी नूला घुसपैठ वह सफलतापूर्वक करता रहा लेकिन 2014 में डोकलाम, 2020 में लिपुलेख, पैंगोंग अंत में गलवान में असफल होने पर बौखलाहट में जिस प्रकार से हमारे वीर सपूतों की हत्या हुई उसका बदला लेने के लिए प्रधान मंत्री से आग्रह किया गया है कि चीन से समुचित बदला लिया जाए।

## बिलासपुर में जलाया चाइना के राष्ट्रपति का पुतला

अभिषेक मिश्रा

बिलासपुर जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को नगर सुधार समिति ने चाइना के खिलाफ आवाज बुलंद की। समिति के पदाधिकारियों ने रोष रैली निकलते हुए प्रधान दिनेश कुमार की अगुवाई में चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चंपा पार्क के पास एनएच के साथ चाइना के राष्टपति का पुतला जलाया। साथ ही राष्टपति के पुतले की शव यात्रा निकाली गई। वहीं, चाइना के सामान का भी बहिष्कार किया। प्रधान दिनेश कुमार ने कहा कि चीन ने भारत के निहत्थे सैनिकों पर हमला करके अपनी कायरता का परिचय दिया है। जिसका जवाब भारत बहुत मजबूत तरीके से देगा।

# स्व सहायता समूह से जुड़कर जीजी बाई बनी आत्मनिर्भर



**भोपाल।** ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ने पर जीजी बाई के जीवन में बदलाव आया, जिससे वे आत्मनिर्भर हो गई हैं। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव विकासखंड के ग्राम भदौर की जीजी बाई के परिवार के लोगों का जीवन-यापन उनके पति की मजदूरी पर निर्भर रहता था। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी मिलने के बाद वे एकता स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह में 10 सदस्य भी बन गये। पहले जीजी बाई घर का काम-काज संभालती थीं पर समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं के साथ बैठक में भी शामिल होने लगीं। उन्होंने छोटी-छोटी बचत करना शुरू की और बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया समझी। बाई ने बैंक से पहली बार 16 हजार रूपये का लोन लिया और सेन्टरिंग का काम शुरू कर दिया। घर में गाय, भैंस का दूध भी विक्रय किया जाने लगा। इन सबके बावजूद इससे होने वाली आमदनी नाकाफी थी। उन्होंने एक कदम और आगे बढ़ाकर अपने समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर मालवाहक चार पहिया वाहन खरीदना तय किया। समूह की चार महिलाओं ने मिलकर इसके लिए बैंक से एक लाख रूपये का लोन लिया और इसी वाहन से सामान की ढुलाई का काम शुरू किया। अब वाहन से हर महीने 25 हजार रूपये तक की आमदनी हो रही है। जीजी बाई को अब अपने सभी कार्य के एवज में 15 से 17 हजार रूपये तक की प्रतिमाह आमदनी होने लगी है। जीजी बाई का कहना है कि आजीविका मिशन के समूह से जुड़ने के बाद उन्हें अब किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती।



भोपाल में शुक्रवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में विधायकगण राज्यसभा निर्वाचन के मतदान के लिए जाते हुए।

# पीपीई किट पहनकर किया मतदान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए वोटिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस दौरान कोरोना संक्रमित कुणाल चौधरी भी वोटिंग करने पहुंचे। वे अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के साथ एंबुलेंस में बैठकर आए। पीपीई किट डाल कर जांच और कड़ी सुरक्षा के बीच उन्होंने वोट डाला। इसके बाद राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो गया। मगर, इस बात को लेकर बीजेपी ने कड़ा विरोध जताया है। बीजेपी नेता हितेश वाजपेयी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कोरोना पॉजिटिव विधायक को परिसर में प्रवेश की अनुमति महामारी नियंत्रण नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि परिसर को कंटेमिनेट करने का आयोग को कोई अधिकार नहीं है। यह आयोग द्वारा की जा रही अवैध गतिविधि है जो चिंताजनक है जबकि बीमारी फैलाना अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन को इसकी इजाजत नहीं देनी चाहिए थी। बीजेपी नेता ने तंज कसते हुए कहा कि यदि ऐसा है तो सभी पॉजिटिव मरीजों को पीपीईकिट डालकर घूमने की इजाजत देनी चाहिए। वहीं राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि, मुझे लगता है उन्हें यहां नहीं आना चाहिए बल्कि बैलेट पेपर से वोट डालना चाहिए। इससे विधानसभा के कर्मचारी और अन्य लोगो को खतरा हो सकता है।



मध्यप्रदेश विधानसभा में गृह एवं लोक स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा राज्यसभा निर्वाचन के मतदान के पूर्व स्क्रीनिंग टेस्ट कराते हुए।

# मनरेगा से रोजगार देने में मप्र पांचवें स्थान पर

## उत्तर प्रदेश सबसे आगे, दूसरे स्थान पर राजस्थान



**भोपाल।** कोरोना संकट के समय में मनरेगा में रोजगार देने के मामले में मप्र पांचवें स्थान पर है। प्रदेश में प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने मनरेगा के साथ ही अन्य योजनाओं का सहारा लिया है। लेकिन सबसे अधिक मनरेगा में रोजगार दिया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे निकल गया है। देश में मनरेगा के तहत कुल रोजगार में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 18 फीसदी रही जो कि किसी भी राज्य से ज्यादा है। वहीं राजस्थान दूसरे स्थान पर है। एक तरफ मनरेगा जहां प्रवासी श्रमिकों का सहारा बनकर उनकी जीविकोपार्जन का साधन बनी है, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार का सबसे बड़ा जरिया है। मनरेगा के तहत गांवों के दिहाड़ी मजूदरों को इस महीने जून में पिछले साल के मुकाबले 84 फीसदी ज्यादा काम मिला है। महामारी के मौजूदा संकट काल में यह योजना न सिर्फ रोजगार देने वाली बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की संचालक भी बनने वाली है। मनरेगा के तहत पूरे देश में इस महीने औसतन 3.42 करोड़ लोगों को रोजाना काम करने की पेशकश की गई है जो कि पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 83.87 फीसदी अधिक है। मप्र में वर्तमान में 25 लाख से अधिक श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार मिला हुआ है। कोरोना संकट के समय में मनरेगा में रोजगार देने के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे आगे निकल गया है। राज्य में 15 जून तक 57 लाख 12 हजार मजदूर मनरेगा में काम कर रहे हैं जो किसी भी राज्य से सबसे ज्यादा है। देश में मनरेगा के तहत कुल रोजगार में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 18 फीसदी रही जोकि किसी भी राज्य से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर राजस्थान रहा जहां 53.45 लाख मजदूर मनरेगा में काम कर रहे हैं।

## शहीदों के नाम पर जनता कोष बने : अजय सिंह

**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने सुझाव दिया है कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए सेना के जो जवान शहीद होते हैं उनके परिवारों की सहायता के लिए देश का हर नागरिक अपनी भागीदारी निभाएं। इसके लिए हर खाताधारक नागरिक के खाते से हर माह एक रुपया इस खाते में जमा हो और इसमें एकत्रित राशि शहीदों के परिवारों को दी जाए। यह राशि सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि के अतिरिक्त हो। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के जवान अपने परिवारों को छोड़कर दुर्गम इलाकों में रहकर भारतीय सीमा की रक्षा करते हैं और दुश्मनों से जांबाजी के साथ लड़करअपनी जान तक दे देते हैं। इन जवानों के परिवारों के प्रति देश के हर नागरिक यह जिम्मेदारी है कि वह भी उन्हें आर्थिक रूप से संबल देने में भागीदारी निभाएं।

# पीएचक्यू का नवाचार, पहले ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन

**भोपाल।** पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय के प्रशिक्षण प्रभाग द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण कोर्स संचालित करने के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि नवीनतम तकनीक का उपयोग प्रशिक्षण को अधिक मजबूत, आसान और ग्राह्य बनाने में सहायक होगा। उन्‍होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण की संभावनाओं को देखते हुए प्रशिक्षण प्रभाग द्वारा की गयी अभिनव पहल सराहनीय है। इसके माध्‍यम से ट्रेनिंग सुचारू रहेगी। उन्‍होंने कहा कि इस माध्‍यम से सभी एक साथ इंटरएक्‍ट कर पा रहे हैं। प्रशिक्षण का यह तरीका ज्‍यादा प्रभावी और आसान है। आगे भी इसका उपयोग किया जाएगा। डीजीपी ने 16 से 19 जून तक आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी के माध्‍यम से सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों से चर्चा कर फीडबैक भी प्राप्‍त किया। प्रशिक्षुओं ने ऑनलाइन ट्रेनिंग के कार्यक्रम को प्रभावशाली और रोचक बताया। उन्‍होंने कहा कि इस सत्र के दौरान हमें अपनी कमियाँ और उन्‍हें दूर करने के आसान उपाय भी मिले। अब हम अपने ट्रेनीस् को बेहतर ट्रेनिंग देने में स्वयं को सक्षम महसूस कर रहे हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक( प्रशिक्षण) पवन जैन ने समापन सत्र में बताया कि प्रदेश के नौ प्रशिक्षण संस्‍थानों के 45 प्रशिक्षकों को इसके पहले ऑनलाइन प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कोर्स ( ञशञ) में



प्रशिक्षित किया गया है। उन्‍होंने कहा कि किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक और मास्टर ट्रेनर तथा टीओटी कोर्स कोडिनेटर श्रीमती निमिषा पाण्डेय ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान प्रशिक्षण सुचारू रखने के लिये ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

# मुख्यमंत्री चौहान अमर शहीद स्व. दीपक सिंह की अंतिम यात्रा में शामिल हुए

## मुख्यमंत्री द्वारा चीनी सामान के बहिष्कार की प्रदेशवासियों से अपील

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज रीवा जिले के फरेंदा गाँव पहुँचकर शहीद सैनिक स्व. दीपक सिंह की शवयात्रा में शामिल होकर काँधा भी दिया। स्व. दीपक सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गत 16 जून को स्व. दीपक सिंह चीनी सेना के साथ सीमावर्ती क्षेत्र में संघर्ष के दौरान शहीद हो गए थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ आदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, सांसद श्री जर्नादन मिश्र, विधायक श्री दिव्यराज सिंह, पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दीपक जैसे भारत के सपूत के रहते भारत को कोई आँख उठाकर नहीं देख सकता। पूर्वी लद्दाख में भारतीय सैनिकों ने जिस साहस का परिचय देकर चीन के घुसपैठिए सैनिकों के साथ संघर्ष किया है, उस पर समूचे भारत को गर्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. दीपक सिंह



सदैव हमारी यादों में अमर रहेंगे। भावुक होते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज यह गाँव धन्य हो गया है, उनको जन्म देने वाले माता-पिता को मैं प्रणाम करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके परिवार के साथ पूरा प्रदेश खड़ा है। श्री चौहान ने कहा कि म.प्र. सरकार ने तय किया है कि शहीद स्व. दीपक सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान निधि, पक्का मकान या प्लॉट तथा उनकी धर्मपत्नी को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहीद स्व. दीपक सिंह के ग्राम के मार्ग का नामकरण उनके नाम से किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम में स्व. दीपक सिंह की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाया जायेगा। मध्यप्रदेश के इस देशभक्त के बलिदान पर प्रदेश का हर नागरिक गर्व का अनुभव कर रहा है। परिजनों को शासन की ओर से आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रारंभ में स्व. दीपक सिंह के निवास पहुँचकर उनके पिता गजराज सिंह गहरवार, पत्नी रेखा सिंह, भाई प्रकाश सिंह आदि से भेंट की और उन्हें सांतवना दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शहीद स्व. दीपक सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज भोपाल में प्रात: राज्यसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यवाही में हिस्सा लेने की महत्वपूर्ण व्यस्तता के बावजूद रीवा जिले में शहीद स्व. दीपक सिंह के अंतिम दर्शन और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ यथा समय पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सेना चीन को मुंहतोड़ जवाब देगी। मैं प्रदेशवासियों से अपील करता हूँ कि चीन में बने सभी सामानों का बहिष्कार करे और चीन को आर्थिक रूप से तोड़े। सभी प्रदेशवासी, देशभक्ति के भाव से भरकर स्वदेशी अपनाये, लोकल में जो बनता है उसका उपयोग करें और चीन को मुँहतोड़ जवाब देने में अपना योगदान दें।

## संपादकीय

# जब रंज दिया कोरोना ने तो गांव याद आया ?

लगभग 20 वर्शो से पत्रकारिता के क्षेत्र में हूं। समसमायिक विशयों पर निरंतर लेखन।स्वतंत्र पत्रकार के रुप में कार्य करता हूं।सामाजिक विशयों पर लेखन । कैसी विडंबना है कि आज जब कोरोना वायरस ने रंज दिया तो गांव याद आया है। यह बात गांव छोड़कर विदेषों व महानगरों तथा षहरों में जा चुके लोगों पर सटीक बैठती है। सात संमदर पार रहने वाले और पषिचिमी सभ्यता के रंगों में रंग चुके लोंगो कों अब मातृभूमि याद आने लगी है।इतिहास साक्षी है कि जो अपनी जन्मभूमि को त्यागता है वह सुखी नहें रह सकता।यह एक अटल सत्य है कि जननी व जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढकर है।बचपन गांव में बीता मगर माया के मोहजाल में षहर को अपना लिया है। गांव को भूला दिया गया ।धन-दौलत कमाने कि खातिर आज मानव मषीन बन गया।मात्भूमि से कटकर षहरों में जिंदगी बिताने लगा और गांव की मिटटी को भूल गया। गांव की मिटटी में सौंधी खुष्बू है।सुबह पक्षियों की चहचहाट सुनने को मिलती है।सब कुछ होते हुए भी आज लोग गांव से षहरों की ओर भागते है।आधुनिकता की चंकाचौंध में कुछ लोग ऐसे रंग गए कि गांव छोड़कर षहरों की ओर चले गएषहरों में आपाधापी मची हुइ है।माया ही सब कुछ गांव में ताजी हवा है खुला वातावरण है। गांव में हर चीज मिलती है।षुद्ध हवा पानी है। षहरों में मंजिल के उपर कौन रहता है कोई पता नहीं है।आस-पड़ोस में कौन कब आता है जाता है कुछ पता नहीं है।कौन बीमार है।कोई पता नहीं चलता है।षहरों में रहने वाले बच्चों के पास समय नहे है। मां-बाप गांव में अकेले रहते है।कोरोना ने ऐसे लोगों को रिष्तों की पहचान करवा दी है।कोरोना ने संस्कारों भटके लोगों को रास्ता दिखा दिया है।गांव में कोई बीमार होता है गांव वाले सहायता करते है।मगर षहरों में सड़क पर तड़फते घायल की फोटो खिची जाती है।षहरों में सवेंदना व ईमानदारी  नाम की कोई चीज नहीं है।षहरों में बसे लोगों ने गांव की जमीने बेच दी बुजुर्गों के मकान गिरा दिए।बुजुर्गों ने एक-एक पत्थर जोड़कर जो घर बनाए थे आज वे खंडहर बन चुके है।गांव की ओर कभी देखा तक नहीं कि धरोहरें कैसी है।षहरों में आलिषान मकान ले लिए।आज लोग हजारों मील का रास्ता तय करके गांव लौट रहे है।बरसों पहले गांव छोड़ चुके लोगों का अब गांव की जिंदगी रास आने लगी है।गांव में हर आदमी सहायता करता है।षहरों में खुदगर्ज लोग रहते है।पैसा ही सब कुछ है।षहरों में इन्सानियत की मौत हो चुकी है।लाखों अनजान चेहरे रहते है।किसी से कोई लेना देना नहीं है।मतलब होगा तो बात कर लेगें बरना आंख तक मिलाने से परहेज करते है।षहरों में बोतलबंद पानी मिलता है।गांव में कुओं,बावड़ियों व झरनों का षीतल जल मिलता है।गांव में दूध,दही,घी ,छाछ मिलती है।षहरों में डिब्बा बंद दूध मिलता है।गांव में स्वच्छता है।आंगन है चौबारे है।कोयल की मिठठी बोली है।पक्षियों का कलरव है।गांव बुरा नहीं है।गांव की जिंदगी षांत है।षहरों में चिलपौं मची हुई है।बाहनों का षोरगुल है।ध्वनि प्रदूशण है।गांव साफ-सुथरे है। बुजुर्गो का आर्षीवाद है।मां-बाप का प्यार है।सुख दुख में लोग भागीदारी निभाते है।कोरोना के डर से आज सालों पहले गांव को अलविदा कहने वाले लौटने पर मजबूर है।समय पता नहीं कैसे -कैसे दिन दिखाता है।अब माता पिता की याद आने लगी है।

# ‘आत्मनिर्भरता’ के ‘सुदर्शनचक्र’ से मरेगा चीनी राक्षस

चीन से आज पूरा विश्व परेशान है, उसके द्वारा पैदा किए गए कोरोना वायरस ने जहां पूरे विश्व में हाहाकार मचाकर करीब एक करोड़ लोगों का जीवन निगल लिया है, वहीं इस वायरस ने विश्व के अधिकांश देशों में स्थाई मुकाम बना लिया है, अब वही चीन हमारे भारत के लिए फिर एक बार ‘सिरदर्द’ बनकर उभर रहा है, आज जब हमारे देश चीन द्वारा प्रदत्त कोरोना वायरस से जूझ रहा है, ऐसे संकट के समय उसने और उसके हमदर्द नेपाल व पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं पर उत्पात मचा रखा है, चीन ने योजनाबद्ध तरीके से समझौता वार्ता के दौर में हमारी सेना पर गलकन घाटी में डण्डें और पत्थरों से हमला कर बीस सैनिकों की निर्मम हत्या कर दी, सैनिकों का यह दल समझौते के अमल का निरीक्षण करने गया था, उसी समय योजनाबद्ध तरीके से सैनिकों के दल पर हमला किया गया। जिसमें कर्नल सहित बीस सैनिक मारे गए यद्यपि भारत ने भी हमले का माकूल जवाब देकर चीनी सेना के कर्नल सहित पैंतालीस सैनिक मार दिए, किंतु यह धोखाधड़ी चीन के खून में समाहित है और वहीं उसने अपना 1962 का कृत्य दोहराया, इस तरह चीनी सेना ने अपने राष्टपति का जन्मदिन मनाया। अब चीन गलवान घाटी को अपने कब्जें में बता रहा है।

यद्यपि सैन्यबल और आधुनिकतम युद्ध हथियारों के मामले में चीन हमसे आगे है, उसका रक्षा बजट ही देश के कुल बजट का पचहत्तर प्रतिशत है, किंतु उसमें आत्मबल की कमी के साथ सैन्य बिखराव व्याप्त है, उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपनी सैना स्थानांतरित करने में काफी समय लगता है, जबकि हमारी स्थिति ऐसी कतई नहीं है, हमारा सैन्यबल कुछ ही घण्टो में निर्धारित स्थान पर पहुंच जाता है, आज हमें हमारे देश की पाकिस्तान, नेपाल व चीन तीनों देशों से सटी सीमाओं पर सैन्यबल तैनात करना पड़ा है, जिनकी संख्या करीब ढाई लाख है, करीब इतना ही सैन्य बल इन तीनों पड़ौसी देशों ने भी तैनात कर रखा है, इस आमने-सामने की तैनाती को देखकर विश्व के कई देश विश्वयुद्ध की आशंका व्यक्त करने लगे है, किंतु चूंकि हमारे मुकाबले चीन अपने आपकों अलग-थलग व असहाय मान रहा है, इसलिए उसकी आगे



बढ़ने की हिम्मत नहीं हो रही है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि चीन की सैन्य बल से भी बड़ी शक्ति उसका विश्वभर में व्याप्त व्यापार है जो उसकी आय का एकमात्र साधन है और यही उसकी कमजोरी भी है और अब उसके कोरोना वायरस पैदा करने जैसे कारनामें से विश्व के एक-दो देशों को छोड़ सभी देश चीन से भयंकर नाराज हो गए है और अब भारत सहित सभी देश चीन का वाणिज्यिक बहिष्कार करने जा रहे है, भारत के प्रधानमंत्री ने तो पहले ही ‘आत्मनिर्भरता’ का नारा बुलंद कर दिया है, यदि अन्य देशों की छोड़ों सिर्फ भारत ही आज चीनी उत्पाद के पूर्ण बहिष्कार का फैंसला ले ले और उस पर पूरा देश ईमानदारी से पालन शुरू कर दे तो अगले कुछ ही दिनों में चीन की हैंकड़ी खत्म हो जाएगी और वह हमारे सामने घुटनों के बल बैठा नजर आएगा। आज हमारे देश ने चीन के घर-घर में घुसपैठ हो गई है।

## अच्छा लगता है।



जीवन का हर पक्ष
रुका सा हुआ है
देखकर अच्छा लगता है।

एक तनहाई सी
छाई हुई है चारों ओर
देखकर अच्छा लगता है।

रुकी हुई सड़कें
रुके हुए जज्बातों की तरह लगती है
देखकर अच्छा लगता है।

कानों को चीरती
रुकी हुई वाहनों की गनगणाहट
देखकर अच्छा लगता है।


मरती हुई इंसानियत में
आती नवीन चेतना को
देखकर अच्छा लगता है।

राजीव डोगरा विमल
कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ( युवा कवि लेखक )
( भाषा अध्यापक )
गवर्नमेंट हाई स्कूल,ठाकुरद्वारा।

# योग को दैनिक जीवन में अपनाकर मन मस्तिष्क को रखें स्वस्थ्य।

आशुतोष, पटना बिहार

16 वीं लोकसभा के गठन के बाद भारत के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र संध में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे स्वीकार करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषित किया गया। आज विश्व के लगभग190 देश इस दिवस को मनाने लगे है बल्कि इसकी उपयोगिता और लाभ को समझने लगे हैं। इसे आज अंतराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करवाने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय परम्पराओं में योग का स्थान आदिकाल से ही रहा है जिसे ऋषि मनीषियों ने लम्बी अवधि तक तप ध्यान में योग प्रभाव से करते थे। योग मन को एकाग्र चित करने का प्रवल मार्ग है। जिससे अनेक प्रकार की ऊर्जा के साथ नियंत्रण क्षमता विकसित होते हैं । योग की महत्ता को बहुत करीब से जानकर विश्व ने इसे अपनाया है और अपने जीवन के दिनचर्या में उतारकर योग से मिलने वाले लाभ को अनुभव करने लगे है यह भारत के लिए गौरव की बात है।    इससे मिलने वाले लाभ मन की एकाग्रता शांति तथा ऊर्जा से लवरेज रखता है।यह हमारे पूर्वजो के द्वारा प्रदान की गयी अपूर्व ऊर्जा थी जिसे अब अंतराष्टीय स्तर पर भी लोग समझने और सराहने लगे हैं। भारत ऋषियों मनीषियों संत कबीरो



का देश रहा है प्राय: सभी ने योग को अपनी ऊर्जा का माध्यम माना है। जिसका जिक्र वेद-पुरानो, गीता, बाइबिल आदि ग्रंथो में मिलता है।योग व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है, जिसके माध्याम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है।  योग प्रचीन समय से ही अपनाया जा रहा है। वैदिक संहिताओं के अनुसार तपस्वियों के बारे में प्राचीन काल से ही वेदों में इसका उल्लेख मिलता है। सिंधु घाटी सभ्यता में भी योग और समाधि को प्रदर्शी ?त करती मूर्तियां प्राप्त हुईं।योग की महिमा और महत्व को जानकर इसे स्वस्थ्य जीवनशैली हेतु बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है, जिसका प्रमुख कारण है व्यस्त, तनावपूर्ण और अस्वस्थ दिनचर्या में इसके सकारात्मक प्रभाव।

भगवद गीता में योग के जो तीन प्रमुख प्रकार बताए गए हैं -

1 कर्मयोग - इसमें व्यक्ति अपने स्थिति के उचित और कर्तव्यों के अनुसार कर्मों का श्रद्धापूर्वक निर्वाह करता है।

2 भक्ति योग - इसमें भगवत कीर्तन प्रमुख है। इसे भावनात्मक आचरण वाले लोगों को सुझाया जाता है।

3 ज्ञाना योग -  इसमें ज्ञान प्राप्त करना अर्थात ज्ञानार्जन करना शामिल है।

आज के इस दौरभाग भरी जिन्दगी में थोडे समय के ठहराव को यदि योग दिनचर्या में शामिल हो तो बहुत सारे झंझटो से मुक्ति तो मिलती ही है स्वास्थ्य को भी दुर्लभ लाभ मिलता है अतः इसे आज बडे पैमाने पर अपनाया जाना भारत के लिए सुखद है ।

# सूर्यग्रहण पर बरते सावधानी, करते रहे पूजा पाठ!

यूं तो सूर्यग्रहण एक खगोलीय घटना है।लेकिन इसका प्रभाव प्रकृति और मनुष्य के साथ ही पशु-पक्षियों पर भी पड़ता है।21 जून को सूर्य ग्रहण  लगने जा रहा है,इससे पूर्व इसी माह चन्द्र ग्रहण भी हो चुका है।कहते है महाभारत काल में एक माह में दो ग्रहण हुए थे।जो अब दोहराया जाएगा।खगोलीय घटना क्रम में जब पूर्ण सूर्य ग्रहण होता है तो चंद्रमा सूर्य को कुछ देर के लिए पूरी तरह ढक लेता है। जबकि आंशिक और कुंडलाकार सूर्य ग्रहण में सूर्य का केवल कुछ हिस्सा ही चंद्रमा द्वारा ढका जाता है। 21 जून को होने वाला  सूर्य ग्रहण कुंडलाकार होगा ।  कुंडलाकार सूर्यग्रहण ‘रिंग ऑफ़ फायर’ बनाता है, जो पूर्ण ग्रहण सूर्यग्रहण से अलग होता है।इस बार का  सूर्य ग्रहण भारत, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कांगो, इथियोपिया, पाकिस्तान और चीन सहित अफ्रीका के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।सूर्य ग्रहण  21 जून की सुबह 10 बजकर 17 मिनट पर आरंभ होकर दोपहर 3 बजकर 25 मिनट तक रहेगा।किसी भी ग्रहण को लेकर देश में अलग-अलग मान्यताएं हैं। ग्रहण के दौरान लोग पर घर पर रहना पसंद करते हैं और ग्रहण के समय कुछ भी खाने से बचते हैं। इसके अलावा, दरभा घास या तुलसी के पत्तों को खाने और पानी में डाल दिया जाता है, ताकि ग्रहण के दुष्प्रभाव से बचा जा सके।कई लोग ग्रहण खत्म होने के बाद स्नान करने में विश्वास करते हैं और नए कपड़े पहनते हैं।इसी तरह सूर्य देव की उपासना वाले मंत्रों का उच्चारण भी ग्रहण के दौरान किया जाता है।गर्भवती महिलाओं को घर में रहने और संतान गोपाल मंत्र  का जाप करके अपने गर्भ को सुरक्षित रखने की भी धार्मिक मान्यता है।ग्रहण के दौरान लोग पानी तक पीने से बचते हैं साथ ही, ग्रहण खत्म होने तक भोजन नहीं पकाया जाता। अधिकांश लोग इस दौरान कोई शुभ कार्य नहीं करते, क्योंकि ग्रहण को अशुभ माना जाता है। सूर्य ग्रहण को अगर आप देखना चाहते



हैं, तो इसे नग्न आंखों से देखने का प्रयास न करें। कई बार लोग इस सलाह को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह आंखों के लिए बेहद आवश्यक है।नग्न आंखों से सूर्यग्रहण देखने पर आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। दूरबीन, टेलीस्कोप, ऑप्टिकल कैमरा व्यूफाइंडर से सूर्यग्रहण को देखना सुरक्षित विधियां है। दुनिया के लिए 21 जून को लगने वाला सूर्य ग्रहण बेहद संवेदनशील है। मिथुन राशि में होने जा रहे, इस ग्रहण के समय मंगल मीन में स्थित होकर सूर्य, बुध, चंद्रमा और राहु को देखेंगे। जो अशुभ संकेत है। इसी के साथ ग्रहण के समय शनि, गुरु, शुक्र और बुध वक्री स्थिति में रहेंगे। राहु और केतु तो सदैव उल्टी चाल ही चलते हैं तो इस लिहाज से कुल छह ग्रह वक्री रहेंगे। यह स्थिति पूरे दुनिया में उथल पुथल मचाएगी।  ग्रहों में सूर्य और चंद्रमा जो कि नैसर्गिक माता-पिता बन, आत्मा, शक्ति, शासन, सत्ता पक्ष, प्रेम आदि के द्योतक हैं। उनका संक्रमित होना पूरे जनमानस के लिए खराब संकेत है। किसी भी तरह का ग्रहण किसी भी व्यक्ति के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। चंद्रमा मन मस्तिष्क व आय के भाव को प्रभावित करता है। संबंधित व्यक्ति की जन्म कुंडली में यह जिस भाव का मालिक होगा, उसे प्रभावित करता है। वहीं सूर्य पिता-पुत्र, राज्य सत्ता पक्ष, शारीरिक फल को प्रभावित करेगा। 28 जून तक ग्रहों की स्थिति  ठीक नहीं है।  सन 2020 के अंत में एक और सूर्य ग्रहण होगा। इस बार का सूर्य ग्रहण भारत में भी देखा जा सकेगा। लेकिन इसे नंगी आंखों से देखने का प्रयास कतई न करें।अन्यथा आंखों को भारी क्षति हो सकती है।ज्योतिष विद्वान पंडित रमेश सेमवाल के शब्दों में,% ग्रहण काल में जप दान एवं हवन करने से पूण्य फल प्राप्त होता है। सूर्य ग्रहण का महत्व कुरुक्षेत्र में सर्वाधिक बताया गया है। वासुदेव  ने भी सूर्य ग्रहण के समय कुरुक्षेत्र में जाकर स्नान यज्ञ एवं दान आदि किया था  ।सूर्य ग्रहण के समय में मंत्र दीक्षा का विशेष महत्व है। इस में मास नक्षत्र आदि कुछ भी नहीं देखना पड़ता, जो लोग मंत्र सिद्ध करना चाहते हैं। उनके लिए भी ग्रहणकाल सर्वोत्तम है। ग्रहण काल में शयन करना, मल मूत्र का त्याग करना, भोजन आदि करना वर्जित है।हालांकि बालक, वृद्ध एवं रोगियों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। ग्रहण स्पर्श के समय स्नान करना चाहिए एवं मोक्ष के वक्त दान आदि देकर पुण्य स्नान करना चाहिए  ।इस वक्त का स्नान वस्त्र पहने होता है।

# इलियाना जीत रही फैंस के दिल



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी अदाओं से भी फैंस का खूब दिल जीत रही हैं। इलियाना के कुछ फोटो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इलियाना ने इन फोटो को अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में इलियाना बिकनी पहनकर बीच किनारे घूमती नजर आ रही हैं। इलियाना की ये फोटो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर फैन्स खूब कमेंट कर रहे हैं और अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। इलियाना डिक्रूज की इन तस्वीरों को केवल कुछ ही घंटों में 7 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। एक्ट्रेस ने अपनी एक फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ÷ठीक है, क्षमा करें, लेकिन जब मैं टैन होने के लिए इठलाती हूं.÷ इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपने फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर फैन्स के साथ साझा की थी, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हुई थीं। बता दें कि इलियाना डिक्रूज ने बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई तमिल और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है. लेकिन बर्फी फिल्म के बाद इलियाना ने बॉलीवुड में भी अपनी दमदार पहचान बनाई। वर्क फ्रंट की बात करें तो इलियाना डिक्रूज आखिरी बार जॉन अब्राहम के साथ फिल्म पागलपंती में नजर आई थीं. उनकी यह फिल्म मल्टी स्टारर होने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम और इलियाना डिक्रूज के साथ अनिल कपूर, अर्शद वारसी, पुल्कित सम्राट, कृति खरबंदा, अनिल कपूर और उर्वशी रौतेला भी मुख्य भूमिका में दिखाई दी थीं।

# टाइगर-3 से एक बार फिर अपने प्रशंसकों का दिल बहलाएंगे सलमान



**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से फैंस का दिल बहलाते रहते हैं। सलमान की हर फिल्म मास एंटरटेनर होती हैं, जो हर वर्ग के साथ कनेक्ट कर जाती हैं। इसी के चलते उनकी हर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान स्थापित करती है। एक था टाइगर फ्रेंचाइजी सलमान की बड़ी फिल्मों में शुमार है। साल 2012 में शुरू हुआ सलमान खान का यह सफर 2017 में टाइगर जिंदा है के साथ और बड़ा और बेहतर हो गया था। अब खबर है फिल्म का तीसरा पार्ट भी बनने जा रहा है। इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं की गई है, लेकिन ट्विटर पर हैशटैग टाइगर3 ट्रेंड कर रहा है। फैंस को पूरी उम्मीद है कि 2022 में उन्हें सलमान खान से बड़ी ईदी मिलने जा रही है। फैंस अपनी इस खुशी को ट्विटर पर साझा कर रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं सलमान खान ऐसी फिल्में डिजर्व करते हैं। सलमान टाइगर के रूप में जोरदार वापसी करेंगे। दूसरे यूजर ने लिखा, हमे किक 2 के बाद तुरंत टाइगर 3 चाहिए। अब फैंस की यह एक्साइटमेंट हैरान नहीं करती है। एक था टाइगर न सिर्फ बॉलीवुड के लिहाज से बल्कि सलमान खान के लिए भी बड़ी फिल्म है। उनकी इस फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर तो कई रिकार्ड तोड़े ही हैं, इसके अलावा बतौर एक्टर उन्हें भी बेहतरीन मौका दिया है। ऐसे में टाइगर 3 को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्सुक हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि, इस फ्रेंचाइजी में सलमान के अलावा कैटरीना कैफ भी अहम किरदार में हैं। फिल्म में सलमान के साथ कैटरीना कैफ की केमिस्ट्री चार चांद लगाती है। केमिस्ट्री के अलावा इस फ्रेंचाइजी में कैटरीना ने भी जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज परफॉर्म किए हैं। ऐसे में इसके थर्ड पार्ट में क्या खास देखने को मिलता है, इस पर सभी की नजरें होगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान इस समय अपनी अपकमिंग फिल्म राधे की तैयारी में लगे हुए हैं। फिल्म का डायरेक्शन प्रभुदेवा कर रहे हैं जिन्होंने इससे पहले दबंग 3 का निर्देशन किया था।

# सोशल मीडिया पर नेहा धूपिया बुरी तरह ट्रोल



बॉलीवुड एक?ट्रेस नेहा धूपिया इन दिनों रोडीज के सीजन 18 में जज के रूप में नजर आ रही हैं। अब वह अपने एक बयान को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं और उन पर मीम्?स बन रहे हैं। रोडीज का ऑडिशन राउंड फैंस के लिए काफी इंट्रेस्?टिंग होता है। वे इसे काफी पसंद करते हैं लेकिन इस बार एक कंटेस्?टेंट नहीं बल्कि जज को ही लोगों ने ट्रोल कर दिया। दरअसल, शो की जज नेहा धूपिया ऑडिशन ले रही थीं और इस दौरान एक कंटेस्?टेंट ने बताया कि कैसे उसने अपनी गर्लफ्रेंड को मारा क?योंकि उसके 5 और बॉयफ्रेंड्स थे और इस तरह वह उसे चीट कर रही थी। इस पर नेहा ने कहा कि यह लड़की पर निर्भर करता है कि वह कितने लड़कों के साथ रहना चाहती है। इस पर लोगों ने ऐक?ट्रेस पर मीम्?स शेयर करने शुरू कर दिए और उनके बयान के लिए उन्?हें बुरी तरह ट्रोल कर दिया। नेहा धूपिया के इस बयान पर लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं और यह टॉप ट्रेंड में भी आ गया है।

# टाइगर श्रॉफ को स्कूल के दिनों में था श्रद्धा पर क्रश

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और टाइगर श्रॉफ की फिल्म ÷बागी 3÷ सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस ?फिल्म प्रमोशन्स के दौरान टाइगर श्रॉफ ने खुलासा ?किया ?कि श्रद्धा कपूर पर स्कूल के दिनों से क्रश था। टाइगर श्रॉफ ने बताया कि उन्हें श्रद्धा पर बहुत बड़ा क्रश था लेकिन उस वक्त उनमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि वो जाकर श्रद्धा से अपने दिल की बात कह सकें। हालां?कि इस बारे में श्रद्धा को कभी भी पता नहीं चला। इससे पहले, फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के प्रमोशन्स के दौरान वरुण धवन ने भी ये बात मानी थी कि कॉलेज के दिनों में उन्हें श्रद्धा पर क्रश हो गया था। बता दें कि टाइगर श्रॉफ पिछले कई दिनों से दिशा पाटनी को डेट कर रहे हैं और वरुण धवन काफी वक्त से नताशा दलाल के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों ही कलाकारों के फैन्स जल्द ही उन्हें शादी के बंधन में देखना चाहते हैं। मगर, ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री की है तो वरुण और टाइगर दोनों के ही साथ श्रद्धा की केमिस्ट्री काफी पसंद की जाती रही है। बात करें फिल्म बागी 3 की तो इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।



# काजोल ने शेयर कीं बेटी न्यासा के फोटोशूट की तस्वीरें



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस काजोल फिल्म जगत की सबसे बेबाक ऐक्ट्रेसेस में से एक मानी जाती हैं। वह जैसी रील लाइफ में नजर आती हैं, वैसी ही रियल लाइफ में भी हैं। फिल्मों के अलावा वह सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी की तस्वीरें शेयर कीं जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। काजोल की बेटी न्यासा ने लेटेस्ट फोटोशूट कराया है जिसे लेकर उनकी मां काफी खुश हैं। इन दो नई पिक्चर्स में न्यासा जमीन पर बैठी हैं और उन्होंने लहंगा पहना हुआ है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए काजोल ने लिखा, हम सभी लोग जब डर-डरकर जी रहे हैं, ऐसे में एक खुशनुमा पल सभी के लिए। इसकी हम सबको जरूरत है। तुम्हारा शुक्रिया मेरी होने के लिए। तुम सिर्फ मेरी हो, ऐसे ही हंसती रहो। काजोल के फैंस को उनकी बेटी की ये तस्?वीरें बेहद पसंद आ रही हैं।

# यूट्यूब पर धमाल मचा रहा है अभिनेत्री जैकलीन और आसिम का सॉन्ग मेरे अंगने में

**मुबइ ।** यूट्यूब पर इन दिनों अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस और बिग बॉस-13 के रनरअप आसिम रियाज का सॉन्ग %मेरे अंगने में% जमकर धमाल मचा रहा है। होली से ठीक पहले रिलीज हुआ यह गाना यूट्यूब पर पहले स्थान पर ट्रेंड कर रहा है। टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस बात की जानकारी दी है। गाने के पोस्टर को शेयर करते हुए टी-सीरीज ने ट्वीट किया, ÷यूट्यूब चार्ट्स पर %मेरे अंगने में% पहले स्थान पर ट्रेंड कर रहा है। आपने अभी तक इसे नहीं सुना, तो जाकर सुनें।÷ पोस्टर में जैकलीन फर्नांडीस और आसिम नजर आ रहे हैं।



जैकलीन हाथ में धनुष और बाण लिए नजर आ रही हैं और उनके पीछे से आसिम ने भी धनुष और बाण के उन्हीं छोरों को पकड़ रखा है। साल 1981 में रिलीज हुई दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जीनत अमान की फिल्म %लावारिस% के गाने का यह रीमेक वर्जन है। टी-सीरीज के बैनर तले इसे तैयार किया गया है। हालांकि, गाने में काफी फेरबदल किया गया है, लेकिन मुख्य लाइन को नहीं बदला गया है। गाने में सिंगर नेहा कक्कड़ और तनिष्क बागची ने अपनी आवाज दी है। टी-सीरीज के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने कहा, ÷काश वीडियो सॉन्ग में आप ने आसिम और जैकलीन की केमिस्ट्री पर ध्यान केंद्रित किया होता। सिर्फ पोस्टर में ही केमिस्ट्री नजर आ रही है। लेकिन फिर भी वाचिंग एंड लाइकिंग द वीडियो।÷ दूसरे ने कहा, ÷यह ट्रेंड आसिम की वजह से कर रहा है, भूषण कुमार (चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर, टी-सीरीज) आप उसे फिल्म में साइन करें।÷ वहीं अन्य ने कहा, ÷ओह! आखिरकार आसिम आज पोस्टर पर वापस नजर आ ही गया। अब मैं खुश हूं, जाकर गाने को व्यूज दूंगी और साथ ही अपने परिजनों और दोस्तों को भी ऐसा करने के लिए कहूंगी।

अंत में हमारे लिए केवल आसिम मायने रखता है।

# मैं अपने लिए कपड़े पहनती हूं, तुम्हारे लिए नहीं



**मुंबई ।** नवोदित बॉलीवुड अभिनेत्रियों में दिशा पाटनी अपने फैशन और खास स्टाइल के लिए खासी मशहूर हैं वे अपनी फिटनेस के लिए भी जानी जाती हैं। दिशा अक्सर हर इवेंट में अपने स्?टाइलिश अवतार के लिए सुर्खियों में आती भी रही हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर अक्सर उन्हें उनके ड्रेसिंग के लिए ट्रोल कर दिया जाता है। लेकिन दिशा ऐसी ट्रोलिंग पर कभी ज्यादा ध्यान नहीं देतीं। हाल ही में दिशा अपनी फिल्म मलंग में बेहद स्?टाइलिश अवतार में नजर आईं तो वहीं टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्?म बागी 3 में भी दिशा डू यू लव मी% गाने में बोल्?ड लुक के साथ फ्लॉन्?ट करती नजर आईं। इस बीच दिशा को कई बार ट्रोल किया गया। ऐसे में दिशा ट्रोलर्स पर बात करते हुए कहती है कि शुरुआत में जब उन्?हें ट्रोल किया जाता था तब उन्?हें भी बहुत बुरा लगता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। दिशा ने कहा, %अब मैं इस सब से ऊपर उठ चुकी हूं। अब मुझे ट्रोलर्स क्या कहते हैं और क्या बोलते हैं इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है और न ही मैं इस तरह की ट्रोलिंग पर रिएक्ट करती हूं। मुझे अब उनके कामेंट्स को लेकर बुरा नहीं लगता।% दिशा ने आगे कहा, %मैं अपने कपड़े अपनी मर्ज़ी से और खुद के लिए पहनती हूं, ट्रोलर्स के लिए नहीं। तो फरि ट्रोलर्स के बोलने को मैं सीरियसली क?यों लूँ? दिशा जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्?म राधे% में नजर आने वाली हैं। लेकिन लगता है वह सलमान के साथ ही शाहरुख खान की भी बड़ी फैन हैं। शाहरुख के साथ काम करने के लिए वह छोटे से रोल को करने के लि?ए भी तैयार हैं। दिशा ने कहा, %मैं शाहरुख खान के साथ काम करने की ख?वाहिश रखती हूं और उनके साथ किसी फ़िल्म में रोमांस करना चाहती हूं। चाहे मेरा रोल भले ही छोटा हो। बड़े स्टार्स के साथ बड़ी फ़िल्म में रोल मायने नहीं रखता, अगर रोल छोटा है लेकिन अच्छा है और बड़ा स्टार है तो मैं हां कर देती हूं। मैंने पिछले साल फि?ल्?म 'भारत' सलमान सर के साथ की और भारत में मेरा कोई बहुत बड़ा रोल नहीं था। अभी एक और फिल्?म सलमान सर के साथ कर रही हूं और अब शाहरुख सर के साथ काम करना चाहती हूं। शाहरुख मेरे फेवरेट स्टार हैं और उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिले तो मैं कोई छोटा सा रोल भी करने के लिए राजी हूं।%

# कंगना रनौत के साथ अवश्य काम करूंगा, हमारे बीच कोई नेगेटिविटी नहीं



**मुंबई ।** अपने बेहतरीन अभिनय के लिए बॉलिवुड की मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर हाल ही रिलीज हुई %बागी 3% के निदेशक अहमद खान ने कहा कि कंगना एक बहुत बेहतरीन अदाकारा हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौका मिला तो कंगना रनौत के साथ जरूर काम करूंगा और हमारे बीच में कोई नेगेटिविटी नहीं है। हम लोग एक ही इंडस्ट्री के हैं और मिलजुल कर रहते हैं। अहमद खान ने कंगना रनौत की तारीफ करते हुए कहा कि वह %लेडी बागी% हैं। कंगना रनौत लड़कियों की बागी है और ऐक्शन फिल्मों की बात करें तो वह इसके लिए बहुत सही अभिनेत्री हैं। इसके साथ ही अहमद खान ने कहा कि जब उन्होंने उनकी फिल्म %धाकड़% का टीजर देखा तो उनके रोंगटे खड़े हो गए और उन्हें यह बहुत अच्छा लगा। अहमद खान ने कहा कि अगर कंगना रनौत को उनकी स्क्रिप्ट पसंद आएगी तो उनके साथ जरूर काम करेंगे। ऐक्शन फिल्म मामलों में कंगना रनौत बहुत फिट हैं क्योंकि वह बहुत पॉवरफुल अभिनेत्री हैं। मालूम हो कि बीते 6 मार्च को अहमद खान की फिल्म %बागी 3% रिलीज हुई है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख हैं। वहीं, कंगना रनौत फिल्म अब अपनी आने वाली फिल्म %थलाइवी% में नजर आएंगी। यह फिल्म तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की जिंदगी पर आधारित है।



ब्रिटेन के शहर लंदन में बकिंघम पैलेस के ऊपर उड़ते रॉयल एयर फोर्स के हवाई जहाज। रॉयल एयर फोर्स द्वारा लंदन के ऊपर एक फ्लाईपास्ट प्रदर्शन किया गया जिसके तहत रेड एरो और इसकी फ्रांसीसी समकक्ष टीम प्रदर्शन करते हुए।

# राष्ट्रपति पद के चुनाव में बाइडेन को ट्रंप के मुकाबले 12 अंक की बढ़त मिलने का अनुमान



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन को व्हाइट हाउस की दौड़ में देश के मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मुकाबले 12 अंकों की प्रभावशाली बढ़त मिलने का अनुमान है। जनमत सर्वेक्षण में यह अनुमान जताया है।सर्वेक्षण के अनुसार अधिकतर मतदाताओं ने नस्लवाद, बेरोजगारी और कोरोना महामारी को देश की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा बताया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण महीनों तक निलंबित रहा चुनाव प्रचार पुनन्पटरी पर लौट रहा है।इसके बाद बाइडेन को ट्रम्प के खिलाफ मिलने वाली अनुमानित बढ़त का अंतर और बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले महीने तक बाइडेन को ट्रम्प के मुकाबले आठ अंक की बढ़त मिलने का अनुमान था, जो अब बढ़कर 12 अंक हो गया है। 13 से 16 जून तक किए गए सर्वेक्षण के अनुसार करीब 50 प्रतिशत लोगों ने बाइडेन का और 38 प्रतिशत लोगों ने ट्रम्प का समर्थन किया। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले अधिकतर लोगों ने कहा कि नस्लवाद, बेरोजगारी और कोरोना संक्रमण देश की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा है। ट्रम्प ने इन सर्वेक्षणों के परिणाम खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई सर्वेक्षण ''फर्जी'' हैं।

# नए नक्शे पर राष्ट्रपति की मोहर के बाद नेपाली सेना ने भारतीय सीमा पर बनाई चौकियां

**काठमांडू।** पड़ोसी मित्र देश नेपाल ने भारत के कड़े विरोध के बावजूद नए नक्शे पर वहां की राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद भारतीय सीमा पर बनाईं चौकियां बना ली हैं। विधेयक को मंजूरी देने के बाद अब यह नेपाली संविधान का हिस्सा बन गया है। इससे पहले नेपाल के ऊपरी सदन ने विधेयक को पास कर दिया था। नक्शे में भारत के तीन महत्वपूर्ण इलाकों को नेपाल ने अपना बताया है। भारत ने कहा था कि यह नया नक्शा ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर सही नहीं है। उधर, संसद से नए नक्शे को मंजूरी मिलने के बाद नेपाल ने कालापानी के पास चांगरू में अपनी सीमा चौकी (बीओपी) को उन्नत किस्म का बना दिया है। अब ये चौकियां स्थायी हो गई हैं और यहां सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात होंगे। इससे पहले चांगरू सीमा चौकी पर लाठी रखने वाले पुलिसकर्मी तैनात रहते थे। यह चौकी हर साल नवंबर से मार्च तक सर्दियों के मौसम में बंद रहती है। नेपाली सेना प्रमुख पूर्णचंद्र थापा ने बुधवार को ही इस चौकी का निरीक्षण किया था। धारचूला के उप जिलाधिकारी एके शुक्ला ने कहा कि अब यह चौकी ज्यादा सर्दी के बावजूद ठंड के मौसम में बंद नहीं होगी। सीमा चौकी को नया बनाने और सेना प्रमुख के दौरे को अहम माना जा रहा है। हिंसक झड़प के बाद नेपाल से जुड़ी भारत की सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सोनौली सीमा पर एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और पुलिस ने गश्त तेज कर दी है। सीमाई इलाके में खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। सीमा के आसपास कड़ी नजर रखी जा रही है। नेपाल के संशोधित नक्शे में भारत की सीमा से लगे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा इलाकों पर दावा किया गया है। भारत ने नेपाल के दावों को खारिज करते हुए दोहराया था कि यह सड़क पूरी तरह उसके भू-भाग में स्थित है। राष्ट्रपति विद्यादेवी भंडारी के पास विधेयक पहुंचने से पहले नेपाल के ऊपरी सदन ने सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया। विधेयक के विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। ऊपरी सदन में मौजूद सभी 57 मौजूद सदस्यों ने विधेयक के समर्थन में मतदान किया। भारत ने नेपाल के मानचित्र में बदलाव करने और कुछ भारतीय क्षेत्रों को उसमें शामिल करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को नेपाली संसद के निचले सदन में पारित किए जाने पर शनिवार को प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि यह 'कृत्रिम विस्तार' साक्ष्य और ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं है और यह 'मान्य नहीं' है ।

## पाक सेना ने अपने शीर्ष जनरलों को दिया राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति का ब्यौरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पाकिस्तान के शीर्ष जनरलों को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थितियों के बारे में जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने रावलपिंडी में कोर कमांडरों की एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थितियों पर जनरलों को जानकारी दी गई। सेना ने कहा भारतीय आक्रोश को ध्यान में रखते हुए मंच ने भारतीय योजनाओं को विफल करने का संकल्प लिया है। कमांडरों ने देश भर में हिंसा की घटनाओं में आ रही कमी पर भी संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा पश्चिमी सीमा पर चल रही अफगान शांति प्रक्रिया के सकारात्मक प्रभावों और राष्ट्रीय संस्थाओं के माध्यम से सामान्यीकरण प्रक्रिया का समर्थन करने का संकल्प लिया गया। फोरम ने उपलब्ध संसाधनों के अंतर्गत कोविड-19 से निपटने के लिए सरकार को सेना द्वारा दिए जा रहे समर्थन, टिड्डे के खतरे और पोलियो अभियान पर भी चर्चा की।

# वैक्सीन ने 90फीसदी लोगों में पैदा किया इम्यून रिस्पॉन्स



**पेइचिंग।** चीनी कंपनी सीनोवाक बायोटेक ?लिमिटेड का कहना है कि उसकी वैक्सीन सुरक्षित है और इम्यून रिस्पॉन्स शुरू करने में सफल है। कोरोना वैक्सीन नाम की इस वैक्सीन ने ट्रायल में हिस्सा लेने वालों में दो हफ्ते बाद वायरस को न्यूट्रलाइज करने वाली ऐंटीबॉडीज बनाना शुरू कर दिया। चीनी कंपनी ने अपनी कोरोना वायरस वैक्सीन के इंसानों पर ट्रायल से मिले डेटा को पॉजिटिव बताया है। कंपनी का कहना है कि अच्छी बात यह है कि किसी में भी साइड इफेक्ट्स नहीं देखे गए हैं। ट्रायल ईस्टर्न चाइना के जिंग्यासू प्रोविंशल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेन्शन में किया गया। अब तक यहां 18-59 की उम्र के 743 स्वस्थ लोगों को शेड्यूल पर शॉट्स या प्लसीबो दिया जा चुका है। इसमें से 143 वॉलंटिअर पहले चरण में हिस्सा ले रहे हैं जिनमें वैक्सीन की सुरक्षा जांची जा रही है। इसमें वायरस के डेड स्ट्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। बचे हुए लोगों पर दूसरे चरण में टेस्ट किया जा रहा है और देखा जा रहा है कि दो शॉट देने के 14 दिन बाद ऐंटीबॉडी बनती है या नहीं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि दूसरे ग्रुप में 28 दिन के अंतराल पर शॉट्स दिए जाएंगे और देखा जाएगा कि इसका क्या असर होता है। सीनोवेक के सीईओ वेइडॉन्ग यिन ने बताया कि पहले-दूसरे चरण में वैक्सीन सुरक्षित पाई गई है और इम्यून रिस्पॉन्स पैदा कर रही है। उन्होंने कहा है कि दूसरी वैक्सीन की तरह यह भी दुनियाभर में इस्तेमाल के लिए बनाई जा रही है। जल्द ही सीनोवेक पहले चरण के नतीजे और दूसरे चरण की का प्लान चीन की नैशनल मेडिकल प्रॉडक्ट्स ऐडमिनिस्ट्रेशन को भेज देगा और तीसरे चरण के ट्रायल के लिए बाहर देशों में ऐप्लिकेशन देगा। यिन ने बताया कि सीनोवेक ने उत्पादन के लिए फसिलटी बनाना भी शुरू कर दिया है ताकि सकारात्मक नतीजे मिलने के साथ ही दवा का उत्पादन शुरू किया जा सके।

# साल के अंत तक कोरोना वैक्सीन : डब्लूएचओ

**जेनेवा।** कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि इस साल के अंत तक इसके उपलब्ध होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के 10 दावेदार ह्यूमन ट्रायल कर रहे हैं। वहीं इनमें से तीन ऐसे हैं जो इससे भी आगे निकल चुके हैं जहां इस वैक्सीन के एफिसिएंसी को लेकर जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल के अंत तक कोरोना वायरस वैक्सीन की लगभग दो अरब खुराकें तैयार होने की उम्मीद है। इन्हें प्राथमिकता के हिसाब से सबसे ज्यादा प्रभावित आबादी के इलाज के लिए दिया जाएगा। डॉ सौम्या ने यह भी कहा कि हमारे पास अभी कोई वैक्सीन नहीं है जो प्रमाणिक हो। उन्होंने कहा कि यह साबित हो गया है कि मलेरिया की दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद अस्पताल में भर्ती हुए लोगों की मौत रोकने में कारगर नहीं है। बहरहाल, डॉ सौम्या स्वामीनाथन का यह भी कहना है कि लोगों को कोविड-19 के संक्रमण की चपेट में आने से रोकने में इस दवा की भूमिका हो सकती है। इस संबंध में क्लीनिकल परीक्षण चल रहे हैं। कोरोना वायरस के इलाज के लिए पोलियो के टीके का परीक्षण करने के अंतरराष्ट्रीय अनुसंधानकर्ताओं के सुझाव पर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ वैज्ञानिक अवधारणाओं के आधार पर यह परीक्षण योग्य है लेकिन संक्रमण के खिलाफ सीमित संरक्षण ही प्रदान कर सकता है। कोविड-19 के इलाज के लिए टीका बनने में अभी कम से कम एक साल लग सकता है, ऐसे में वैज्ञानिकों का कहना है कि तत्काल राहत के लिए पहले से सुरक्षित और प्रभावी टीकों का पुनः उपयोग एक तरीका हो सकता है।






विरोध प्रदर्शन करने वालों को गिरफ्तार करती पुलिस।

# वंदे भारत अभियानः दक्षिण अफ्रीका से भारत के 247 यात्रियों को लेकर विमान रवाना

**जोहानिसबर्ग।** वंदे भारत अभियान के तहत एअर इंडिया का एक विमान 247 यात्रियों को दक्षिण अफ्रीका से लेकर नई दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इसमें राजस्थान के कठपुतली का खेल दिखाने वाले कलाकार सवार हैं। इनके अलावा कुछ ऐसे छात्र भी हैं जो यहां सी-डाइविंग का प्रशिक्षण लेने आए थे। विमान में एक नवजात भी सवार है। जोहानिसबर्ग में भारत की महावाणिज्य दूत अंजू रंजन ने बताया ?कि इनमें से ज्यादातर भारतीय ऐसे हैं जिन्हें हाल में दिल्ली और मुंबई गए साउथ अफ्रीकन एयरवेज के विमान में जगह नहीं मिल पाई थी। यात्रियों में प्राथमिकता उन लोगों को दी जाती है जो बीमार हैं, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग तथा ऐसे लोग जिनके पर्यटक वीजा की अवधि समाप्त हो चुकी है। कठपुतली का खेल दिखाने वाले पांच राजस्थानी लोगों का समूह एक कार्यशाला में भाग लेने यहां आया था और भारत में लॉकडाउन के कारण यहीं फंस गया।

# ऑस्ट्रेलिया में बड़ा साइबर हमला, सरकार और निजी क्षेत्रों को बनाया निशाना



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में बड़े साइबर हमले को अंजाम दिया गया है। इस हमले में सरकारी और निजी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। यह हमला किसी संगठित गिरोह ने किया है या इसके पीछे किसी देश का हाथ है, इस बात का पता लगाया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भी कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों को लक्षित कर किसी विदेशी संस्था ने यह जटिल साइबर हमला किया है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि यह जटिल है। जिस तरह से यह साइबर हमला किया गया है, उसकी प्रकृति और निशाना बनाए गए संस्थानों और बड़े पैमाने पर इसके असर से यह बात साफ है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार इन साइबर हमलों के खतरे के प्रति सजग और सतर्क है। पीएम मॉरिसन ने कहा कि यह नया जोखिम नहीं हैं, लेकिन विशिष्ट है, इसकी गतिविधियां लक्षित हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलियाई संगठनों को जरूरी सलाह दी गई है ताकि वह अपनी सुरक्षा के लिए उचित कदम उठा सकें।×ठुङ्घह्मश्च;उन्होंने कहा कि अब तक की गई जांच में बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत डाटा चोरी होने का खुलासा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी हम यह नहीं कह सकते कि इसे पीछे किस देश का हाथ है। साइबर हमले के पीछे चीन का हाथ होने के सवाल पर पीएम मॉरिसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की सरकार इस मामले में को सार्वजनिक आरोप नहीं लगा रही है।

### बीसीसीआई ने आईसीसी चेयरमैन पर निशाना साधा

# टी20 विश्व कप पर फैसला लेने में जबरन देरी कर रहा

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के आयोजन को लेकर अंतिम फैसला टालने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के निवर्तमान चेयरमैन शशांक मनोहर की कड़ी आलोचना की है। बीसीसीआई ने कहा है कि मनोहर इस मामले को जानबूझकर अटका रहे हैं। बीसीसीआई के अनुसार जब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन अर्ल एडिंग्स ने पहले ही कह दिया है कि वे 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होने वाले टी20 विश्व कप की मेजबानी नहीं कर पायेंगे तब भी आईसीसी ने इस मामले में फैसले के लिए एक माह का समय और बढ़ा दिया है। बीसीसीआई के अनुसार जब मेजबान देश टूर्नामेंट आयोजित नहीं करना चाहता है तो आईसीसी को फैसला लेने के लिए एक माह का समय क्यों चाहिये यह समझ से परे हैं। आईसीसी के इस रुख से आईपीएल ही अन्य अन्य देशों के बीच होने वाली श्रृंखलाएं प्रभावित हो रही है। वहीं आईसीसी का तर्क है कि कोरोना महामारी के संकट को देखते हुए वह विश्व कप को लेकर कोई भी पफैसला करने से पहले कुछ समय और इंतजार करना चाहता है। इस बारे में बीसीसीआई का मानना है कि टूर्नामेंट को स्थगित करने को लेकर अगर जल्द फैसला होता है तो इससे सदस्य देशों को अपनी द्विपक्षीय श्रृंखलाओं की योजना बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही कहा कि जिन सदस्य देशों के खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा नहीं है वे भी इस दौरान अपनी द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को लेकर कोई योजना बना सकते हैं। वहीं फैसला करने में देरी से सभी को नुकसान होगा। आईसीसी अगर जल्द फैसला करता है तो बीसीसीआई की आईपीएल संचालन टीम संभावित मेजबानों को लेकर तैयारी शुरू कर सकती है जिसमें श्रीलंका ओर यूएई भी शामिल होगा। यूएई के मुकाबले श्रीलंका को कम खर्चीले मेजबान के रूप में देखा जा रहा है। ।




## वीनस की नजर फ्रेंच और ऑस्ट्रेलियन ओपन पर लगीं

**न्यूयार्क।** अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी वीनस विलियम्स की नजरें फ्रेंच और ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतना है। 39 साल की वीनस ने अपने करियर में अब तक पांच बार विंबलडन खिताब और दो बार अमेरिका ओपन खिताब जीते थे। उन्होंने इसके अलावा 14 युगल ग्रैंड स्लैम खिताब भी अपने नाम किए



हैं पर अभी भी वह फ्रेंच ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन नहीं जीत पायी हैं। वीनस ने कहा, आपके पास हमेशा अपने सपने होते हैं। इसलिए मैं मैं रोलां गैरों को जीतना चाहती हूं। मैं इससे ज्यादा दूर नहीं थी। यही बात ऑस्ट्रेलियन ओपन के भी है। मैं थोड़ी बदकिस्मत थी। मैंने हमेशा इस खिताब को मिस किया है। वीनस ने अपना पिछला एकल खिताब 12 साल पहले जीता था पर वह अभी भी इस खेल से बहुत प्यार करती हैं और भविष्य में इसे जीतने का प्रयास करना चाहती है। उन्होंने कहा, मैं शायद अब उतना ज्यादा नहीं खेल रही हूं, जितना कि मैं पहले खेल चुकी हूं। हम देखेंगे कि मैं कैसा महसूस करती हूं। मुझे अभी भी अधिक से अधिक खिताब जीतना पसंद है। मेरे पास अभी समय हैं। मैं शीर्ष पर रही हूं।

# कर्स्टन ने सभी सीनियर क्रिकेटरों पर बनाया था दबाव



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि जब वह 2008 में टीम इंडिया के साथ जुड़े थे उस समय टीम के स्टार बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। कर्स्टन ने कहा कि उन्होंने 2007 विश्व कप ने सभी सीनियर क्रिकेटर पर एक सामान दबाव डाला था। सचिन भी इससे अलग नहीं रहे। बल्लेबाजी पोजीशन को लेकर वह सहज नहीं थे लेकिन वह इससे उभरे और अगले तीन सालों में 18 अंतरराष्ट्रीय शतक उन्होंने लगाये। तेंदुलकर को 2005 और 2007 में चोटों ने घेर लिया था। खास तौर पर 2007 की चोट के बाद वह अपनी बेस्ट फॉर्म में नहीं दिख रहे थे। वह कई बार नर्वस नाइटीज का शिकार हुए। 2007 विश्व कप में उन्हें चार नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता था। इसमें बदलाव तब हुआ और उन्हें दोबारा ओपनिंग क्रम पर भेजा गया। तेंदुलकर ने 2008 से लेकर 2011 के बीच शानदार प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर रहे कर्स्टन ने कहा, सचिन के साथ मैंने बेहतरीन कोचिंग यात्रा की। कोच के तौर पर आप वास्तव में लोगों की क्षमता को स्वयं का सबसे अच्छा संस्करण बनाने की सुविधा प्रदान करते हैं। मैंने जो कुछ भी किया, उससे उसके लिए एक वातावरण तैयार हुआ। मैंने उन्हें सचिन को कुछ भी नहीं बताया। वह खेल जानता था, लेकिन उसे जरूरत थी एक वातावरण की। हमने बस वहीं बनाने की कोशिश की। कर्स्टन ने टीम इंडिया को 2008 से लेकर 2011 तक कोचिंग दी थी। उनकी देखरेख में ही भारत ने विश्व कप जीता था। साथ ही साथ विश्व टेस्ट रैंकिंग में भी टीम शीर्ष पर पहुंची थी।

## टेस्ट टीम में वापसी चाहते हैं बेयररेस्टो

**लंदन।** इंग्लैंड के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयररेस्टो टेस्ट टीम में वापसी चाहते हैं। बेयररेस्टो ने कहा है कि वह अच्छी विकेटकीपिंग कर लेते हैं। लोग भी उनकी तारीफें करते हैं, ऐसे में उन्हें टीम में जगह मिलनी ही चाहिए। इस विकेटकीपर बल्लेबाज को पिछले साल के अंत में न्यूजीलैंड दौरे से बाहर कर दिया गया था। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट में बल्लेबाज के तौर पर भी शामिल किया गया था पर कुल मिलाकर 20 रन भी नहीं बना पाये थे। ऐसे में उन्हें श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के साथ अगले महीने से होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में उन्हें खेलने की उम्मीदें हैं। बेयररेस्टो ने कहा है कि मैं अभी अपनी विकेटकीपिंग से बहुत खुश हूं। मेरे खेल का यह एक ऐसा हिस्सा था जिस पर मेरे करियर के शुरू में लोगों ने सवाल उठाए थे पर पिछले दो वर्षों से लोगों ने इस पर बात करनी बंद कर दी थी।

## कोरोना संक्रमण की आशंका से स्कॉटलैंड-ऑस्ट्रेलिया टी20 मैच रद्द



**एडिनबर्ग।** कोरोना संक्रमण की आशंका को देखते हुए स्कॉटलैंड का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 जून को होने वाला एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया है। क्रिकेट स्कॉटलैंड के अनुसार 29 जून को एडिनबर्ग में होने वाला यह टी20 मैच अब नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर की श्रृंखला खेलने से पहले में यह मैच खेलना था। मैच रद्द करने की घोषणा करते हुए क्रिकेट स्कॉटलैंड ने अपने एक बयान में कहा, ‘‘कोविड-19 के कारण अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिये लगे प्रतिबंधों को देखते हुए क्रिकेट स्कॉटलैंड ने इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पुरूष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को रद्द करने पर सहमति जतायी है, यह मैच 29 जून को ‘द ग्रेंज’ में खेला जाना था।’’ स्कॉटलैंड क्रिकेट ने कहा कि भारी खर्च को देखते हुए एडिनबर्ग में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में यह एक मैच आयोजित करना संभव नहीं था। वहीं ईसीबी और सीए अब जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में इस श्रृंखला को आयोजित करने के प्रयासों में लगे हैं।

## पेट्रोल 53 और डीजल के दाम 64 पैसे प्रति लीटर बढ़ें

**नई दिल्ली ।** तेल कंपनियों ने लगातार 12वें दिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए हैं। पेट्रोल के दाम में गुरुवार को




53 पैसे और डीजल के दाम में 64 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई। पिछले 12 दिन में पेट्रोल का कुल दाम 6.55 रुपए और डीजल का कुल दाम 7.04 रुपए प्रति लीटर बढ़ चुका है। तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल का दाम 77.28 रुपए से बढ़कर 77.81 रुपए प्रति लीटर हो गया। वहीं डीजल का दाम 75.79 रुपए से बढ़कर 76.43 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम में आने वाले बदलाव के अनुरूप पूरे देश में समान रूप से पेट्रोल, डीजल के दाम घटाती अथवा बढ़ातीं हैं, लेकिन राज्यों में स्थानीय स्तर पर अलग-अलग दर से लगने वाले बिक्री कर अथवा मूल्य वर्धित कर (वैट) के कारण इनके दाम में अंतर रहता है। तेल कंपनियों ने सात जून से जब दोनों ईंधनों के दाम में दैनिक संशोधन की शुरुआत की है, तब से लगातार दाम बढ़ते चले गये हैं। इससे पहले कोरोना वायरस संक्रमण को काबू करने के लिए लागू लॉकडाउन के चलते लगातार 82 दिन तक दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# जियो प्लेटफॉर्म्स में करीब 25 फीसदी के लिए 1,15,693 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की जियो प्लेटफॉर्म्स में निवेश का सिलसिला पिछले 58 दिनों से जारी है। 11 निवेशों के जरिए जियो प्लेटफॉर्म्स में 24.70त्न इक्विटी के लिए 1,15,693.95 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है। गुरूवार को पीआईएफ ने 2.32त्न इक्विटी के लिए जियो प्लेटफॉर्म्स में 11,367 करोड़ रु के निवेश की घोषणा की। जियो प्लेटफॉर्म्स में निवेश 22 अप्रैल को फेसबुक से शुरू हुआ था, उसके बाद सिल्वर लेक, विस्टा इक्विटी, जनरल अटलांटिक, केकेआर, मुबाडला और सिल्वर लेक ने अतिरिक्त निवेश किया था। उसके बाद अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और एल कैटरटन ने भी निवेश की घोषणा की थी। जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की फुली ओन्ड सब्सिडियरी है। ये एक नेक्स्ट जनरेशन टेक्नॉलोजी कंपनी है जो भारत को एक डिजिटल सोसायटी बनाने के काम में मदद कर रही है। इसके लिए जियो के प्रमुख डिजिटल एप, डिजिटल ईकोसिस्टम और भारत के नंबर त्1 हाइ-स्पीड कनेक्टिविटी प्लेटफ़ॉर्म को एक-साथ लाने का काम कर रही है। रिलायंस जियो इंफ़ोकॉम लिमिटेड, जिसके 38 करोड़ 80 लाख ग्राहक हैं, वो जियो प्लेटफ़ॉर्म्स लिमिटेड की होल्ली ओन्ड सब्सिडियरी बनी रहेगी।




सऊदी अरब का वेल्थ फंड पीआईएफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना आज तक का सबसे बड़ा निवेश किया है। यह निवेश पीआईएफ की रणनीति और कंपनियों में निवेश के अनुरूप है जो उनके विजन 2030 के तहत निवेश कर रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि, हमने कई दशकों तक सऊदी अरब के साथ अपने बेहतर और फलदायी संबंधों का आनंद उठाया है। पीआईएफ के जियो प्लेटफॉर्म्स में निवेश से स्पष्ट है कि तेल अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर यह संबंध अब भारत के न्यू ऑयल यानी डेटा-अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

# हर जरूरतमंद प्रवासी श्रमिक को दिलाएँ रोजगार - कलेक्टर

## दूरस्थ गाँवों में पहुँचकर लिया रोजगारमूलक कामों का जायजा

**ग्वालियर।** वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से पैदा हुई विपरीत परिस्थितियों के कारण अपने गाँव लौटकर आए हर जरूरतमंद प्रवासी श्रमिक को अनिवार्यत: रोजगार मुहैया कराएँ। इस काम में किसी प्रकार की ढिलाई न हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने रोजगारमूलक कार्यो के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने शुक्रवार को जिले की जनपद पंचायत भितरवार के दूरस्थ ग्राम बेलगढा व धोवट पहुँच कर वहाँ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जरूरतमंदों को रोजगार मुहैया कराने के लिए बनाए जा रहे चेक डैम व नाला डायवर्ट कार्य का जायजा लिया। बेलगढा में मनरेगा के तहत बनाए जा रहे चेक डैम पर लगभग तीन दर्जन श्रमिक काम करते मिले। जिनमें सर्वश्री सुखदेव, भगवंत सिंह, दंगल, महेश, राजू, नीके, रिंकू व हीरा सहित लगभग एक दर्जन प्रवासी श्रमिक शामिल हैं। इसी तरह धोवट में निर्माणाधीन चेक डैम व नाला डायवर्ट कार्य में 39 श्रमिक काम पर लगे थे। कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जनपद पंचायत भितरवार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि हर गांव में प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा के तहत चल रहे रोजगारमूलक कार्यों के बारे में बताएँ। साथ ही इन कार्यों के जरिए उन्हें रोजगार दिलाएँ। श्री सिंह ने कहा हर ग्राम पंचायत में जरूरतमंदों को रोजगार मुहैया कराने के लिए मनरेगा के तहत पर्याप्त संख्या में रोजगार मूलक काम खोले जाएँ। उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा के किसी भी जरूरतमंद जॉब कार्डधारी को रोजगार मिलने में दिक्कत न होने दें। कलेक्टर ने अनुभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार को हिदायत दी कि वनाधिकार पट्टों के सत्यापन का काम अभियान बतौर पूरा कराएँ। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने हरसी जलाशय का भी जायजा लिया। उन्होंने जलाशय की जल भराव क्षमता एवं इससे जुड़े सिंचित क्षेत्र एवं जल वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी ली। साथ ही हिदायत दी कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखकर पानी के प्रबंधन एवं जल भराव को ध्यान में रखकर सभी एहतियाती उपाय मुकम्मल किए जाएँ। उन्होंने इस दौरान भितरवार के एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर एसडीएम श्री राघवेन्द्र पांडेय, जनपद पंचायत भितरवार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक शर्मा एवं तहसीलदार श्री कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




## राज्यसभा सदस्य चुने गए ज्योतिरादित्य सिंधिया...

ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्म 1 जनवरी को मुम्बई के समुद्र महल में हुआ था। ज्योतिरादित्य की बहन चित्रांगदा हैं, जो उनसे तीन साल बड़ी हैं। 1971 की 1 जनवरी को पैदा हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया के नामकरण को लेकर भी किस्सा है। ज्योतिरादित्य की दादी चाहती थी कि उनका नाम देवता ज्योतिबा के नाम पर रखा जाए, जबकि माधवराव और माधवीराजे ने विक्रमादित्य नाम सोच रखा था। बाद में उनका नाम ज्योतिरादित्य रखा गया। सिंधिया वंश में कई पीढियों से एकलौते पुत्र वारिस ही देखे गये हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, माधवराव सिंधिया के इकलौते पुत्र है और ज्योतिरादित्य के इकलौते पुत्र महाआर्यमन सिंधिया है। माधवराव के पिता भी जीवाजी राव भी एक अकेले वारिस ही थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्म पर महीनो तक ग्वालियर में जश्न मनाया गया। क्योंकि उनके जन्म के साथ ही ग्वालियर राजघराने को अपना वारिस मिल गया था। ये इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि इससे करीब 100 साल पहले सिंधिया राजवंश को वारिस गोद लेना पड़ा था। 2001 में पिता की मौत के बाद बने ग्वालियर के नए महाराज। अपने पिता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया के संसदीय क्षेत्र गुना-शिवपुरी से सासंद बने। लोकसभा में वे चौथी बार सदस्य बने। ज्योतिरादित्य और उनके पिता के कई किस्से है, जिसमें ट्रेजरी हंट, जंगल में खुले में घूमने जैसे खेल शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि माधवराव उन्हें निडर और साहसी बनाना चाहते थे, इसलिए बचपन में उन्हें टफ टास्क देते थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया का आशियाना पूरी दुनिया में खास है। वे 1874 में यूरोपियन शैली में बने शानदार महल जयविलास पैलेस में रहते हैं। इस शाही महल में कुल 400 कमरें हैं। महल की छतों पर सोना लगा हुआ है। ज्योतिरादित्य सिंधिया की शादी बडौदा के गायकवाड़ घराने की राजकुमारी प्रियदर्शनी राजे से 12 दिसंबर 1994 को हुई। प्रियदर्शनी राजे के पिता कुंवर संग्राम सिंह के तीसरे बेटे थे, जबकि उनकी मां नेपाल राजघराने से ताल्लुक रखती हैं। ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी राजे भी बेहद खास है और उन्हें विश्व की टॉप-50 ब्यूटीफुल वीमंस में शामिल किया गया है।



## पूर्व मन्त्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने किया वार्ड 36 का दौरा

### समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियो को दिए मौके पर ही निर्देश

**ग्वालियर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मध्यप्रदेश शासन में पूर्व केबिनेट मन्त्री आदरणीय श्री प्रधुम्न सिंह तोमर जी ने आज वार्ड 36 में आज गेंडे वाली सड़क, जलाल खाँ की गोठ, प्रहलाद दास की बगिया, सिकरवारी मोहल्ला में घर घर जाकर समस्याएं सुनी, मुख्यरूप से पानी और सीवर की समस्या को जल्दी ही दूर करने के लिए मौके पर उपस्थित पीएचई, एवं नगर निगम के अधिकरियों को आदेश दिया, भाजपा कोटेश्वर मण्डल अध्यक्ष श्री प्रयाग सिंह तोमर जी ने मन्त्री जी को अंगवस्त्र पहना के स्वागत किया। इस मौके पर कोटेश्वर मण्डल आई. टी. सेल प्रभारी रूपक शर्मा ने उस्मानी मस्जिद के सामने स्थित एक बोरवेल जो क्षेत्र में अधिकतर लोगों को पानी उपलब्ध करवाती है उसका उसका वर्षों पुराना सबमर्सिबल पम्प तथा बोरिंग बॉक्स बदलवाने का अनुरोध किया, मन्त्री जी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों, को तुरंत समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया आज के इस दौरे में मण्डल अध्यक्ष श्री प्रयाग सिंह तोमर जी के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व (राज्यमन्त्री दर्जा) सर्वश्री पप्पू बड़ोरी, खेमचंद गुरुवानी (पार्षद वार्ड 36), विनोद अष्टैया, गुड्डू वारसी, आई .टी सेल मण्डल प्रभारी रूपक शर्मा, सचिन पचौरी, पप्पू चावड़िया, वीरेंद्र साहू, गुरुमुख करौसिया, शैलेंद्र बड़ोरी, बलदाऊ खटीक, नंदकिशोर माहौर, राहुल शाक्य, बालेन्दु उपाध्याय, सोनू वारसी, रवि तोमर, नवल बोहरे, श्याम भार्गव, भूपेन्द्र साहू, कमल घेंगर, घनश्याम सविता, सतीश खटीक, सौरभ सिंह कुशवाह, राज गौतम, रोहित चावड़िया, हिमांशु शर्मा, रॉबिन बाथम, मनोज माहौर, विनोद माहौर, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## वीरागना को किया नमन और शहीदों को दी श्रद्धांजलि



चाइना के द्वारा जिस तरह से भारतीय सेना के साथ धोखा दिया गौरवशाली सामाजिक संस्था ने इसकी कड़ी निंदा की

**बरखा श्रीवास्तव**

**ग्वालियर।** गौरवशाली सामाजिक संस्था द्वारा 18 जून बलिदान दिवस पर सर्वप्रथम झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को नमन किया गया साथ ही चीनी सेना के द्वारा भारतीय जवानों के साथ की गई शर्मनाक घटना का विरोध करते हुए उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई चाइना के द्वारा जिस तरह से भारतीय सेना के साथ धोखा दिया गौरवशाली सामाजिक संस्था इसकी कड़ी निंदा करती है संस्था द्वारा 101दिए जलाकर शहीदों को नमन किया गया संस्था अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव सह सचिव वासुदेव मिश्रा नीलम कुशवाहा विजय शर्मा , संदीप शुक्ला इत्यादि लोग उपस्थित रहे...

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन और शहीदों को दी श्रद्धांजलि ~ राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ



राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ग्वालियर द्वारा 18 जून 2020 बलिदान दिवस पर झांसी की रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई को पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। साथ ही चीनी सेना के द्वारा भारतीय जवानों के साथ की गई शर्मनाक घटना का विरोध करते हुए उन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी चीन के द्वारा जिस तरह से भारतीय सेना की पीठ में छुरा भोंकने का कार्य किया गया है राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ मध्यप्रदेश इसकी कड़ी निंदा की और भारत सरकार से चीन के खिलाफ सख्त से सख्त निर्णय लेने का निवेदन किया गया। इस अवसर राष्ट्रीय सचिव ख्यालेन्द्र प्रजापति जी ने सभी साथियों के साथ चीन के प्रॉडक्ट नहीं खरीदने की जनता से अपील की। इस अवसर पर राकेश प्रजापति, अशोक प्रजापति, शिवराज प्रजापति, रवि प्रजापति रिपोर्टर, सोनू प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, नितिन प्रजापति, मथुरा सिंह नरवरिया, योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे!

## शिक्षा से पहले संस्कार और व्यापार से पहले व्यवहार बहुत जरूरी:मुनिश्री

**अमित शर्मा रिपोर्टर**



मुनिश्री को जैन समाज के संगठनों ने चतुर्मास के लिए श्रीफल समर्पित किए

**ग्वालियर।** परमात्मा के गुणों का अनुसरण कर जीवन पथ पर आगे बढना चाहिए। मनुष्य को शिक्षा से पहले अच्छे संस्कार प्राप्त करना चाहिए। मनुष्य लाख शिक्षित हो जाए अगर उसके संस्कार अच्छे नहीं हैं तो शिक्षित होना व्यर्थ हो जाएगा। यह बात राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज गुरुवार को हरिशंकर पुरम में महेश जैन गुरुभक्त के निवास पर धर्मचर्चा में कही! इस मौके पर मुनिश्री वियजेश सागर महाराज मोजूद थे! मुनिश्री ने कहा कि बिना संस्कारों वाली शिक्षा जीवन को आगे नहीं बढ़ा सकती। इसलिए शिक्षा से पहले संस्कार और व्यापार से पहले व्यवहार सीखना बहुत जरूरी है। इसी प्रकार परमात्मा को पहचानने से पहले माता-पिता को पहचानना जरूरी है। जो अपने माता पिता को नहीं पहचान सकता वह परमात्मा को भी नहीं पहचान पाएगा। उन्होंने कहा कोई भी अच्छी शुरुआत घर से होनी चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में कहीं न कहीं विश्वास का होना आवश्यक हैं क्योंकि इसके बिना जीवन सुचारु रूप से नहीं चल पाता, एक छोटे से बच्चे को जब माँ हवा में उछालती हैं तो बच्चे को विश्वास रहता हैं कि माँ उसे गिरने नहीं देगी, एक मरीज़ को डाक्टर पर विश्वास रहता हैं कि डाक्टर उसे जीवन दान देगा, ज़रा सोचिए अगर यह विश्वास न हो तो क्या हम जीवित रह पाएँगे, यह विश्वास ही हैं जो हमको एक दूसरे से जोड़े रखता हैं अगर यह डोर टूट जाए तो इसे फिर से बनाया नहीं जा सकता! जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि 4 जुलाई से शुरू होने वाले चतुर्मास के लिए राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर जी महाराज एवं विजयेश सागर जी महाराज संसघ का चतुर्मास ग्वालियर में चातुर्मास के लिए जैन मिलन ग्वालियर, मुनि सुव्रतनाथ महिला मंडल शिंदे की छावनी, राजेश लाला मित्र मंडल, एवं सोनागिर में करने के लिए कमेटी के महामंत्री बालचंद जैन ने श्रीफल चढ़ाकर अनुमति मांगी है!

# जरूरतमंद, पात्र एवं गरीब हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करें

### कलेक्टर ने अधिकारियों एवं बैंकर्स की बैठक में दिए निर्देश, मुद्रा लोन योजना में शिविर लगेंगे



**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैंकर्स एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 को देखते हुए शासन की विभिन्न हितग्राही एवं स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत जरूरतमंदों, पात्र एवं गरीब हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करें, जिससे उनके जीवन-यापन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए एवं सामाजिक स्तर में भी सुधार हो सके। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह शुक्रवार को जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक में शासन की प्रायोजित विभिन्न हितग्राही एवं रोजगारमूलक योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, एलडीएम श्री सुशील कुमार, नाबार्ड क श्री संजीव रमन सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में केसीसी दुग्ध उत्पादक, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान लाभार्थी योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि कोविड-19 के संकट के दौर में लोगों को रोजगार व्यवसाय शुरू कराने में बैंकर्स की महत्वपर्ण भमिका है। कोविड-19 के तहत शासन द्वारा घोषित विशेष पैकेज में हितग्राही को प्राथमिकता के आधार पर सहायता करें। बैंकर्स मुद्रा लोन योजना के तहत रोजगारोन्मुखी व्यवसाय शुरू करने हेतु ऋण स्वीकृत करने हेतु शिविर आयोजित करें, जिससे पात्र एवं जरूरतमंद लाभान्वित होकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गरीब एवं पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें, इसके लिये अपनी सोच में बदलाव लाते हुए गरीबों के अधिक से अधिक प्रकरण बनायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन से योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त न होने तक गत वर्ष के लक्ष्यों के अनुरूप ही योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण प्रकरण तैयार कर स्वीकृति हेतु बैंको को ऑनलाइन भेजे जाएं, जिससे समय पर वितरण की कार्रवाई की जा सके। श्री सिंह ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत गत पाँच वर्षों में लाभान्वित हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन भी करें। सत्यापन के दौरान यह भी देखें कि हितग्राही द्वारा ऋण का सदुपयोग किया गया है या नहीं तथा उसकी आर्थिक स्थिति में क्या सुधार आया । कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं में प्रकरण तैयार करते समय दिव्यांग, विधवा आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि कोरोना संक्रमण को रोकने हेतु बैंकों की शाखाओं में कोविड-19 की गाइड लाईन का पालन हो। ग्राहकों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग रहे। बैंक एवं एटीएम में सेनेटाइजर रहे। कर्मचारी एवं ग्राहक मास्क का उपयोग करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि एनआरएलएम की स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को बैंकों में किसी प्रकरण में परेशानी न हो। इसके लिये बैंकों की सभी शाखाओं में बुधवार को दोपहर एक बजे से दोपहर 2.30 बजे तक स्व-सहायता समूहों के क्रियाकलाप तथा उनकी समस्याओं का निराकरण के लिये निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के तहत जिले में आए प्रवासी श्रमिक जो पंजीकृत हुए हैं उन्हें उनके कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना है। साथ ही आरसेटी के माध्यम से छोटे-छोटे समूहों में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी देना है। जिससे बैंकों के माध्यम से लाभान्वित किया जा सके। श्री वर्मा ने बताया कि जिला पंचायत के सहयोग से सर्व ग्वालियर एप के माध्यम से नगर में विभिन्न प्रकार की सेवायें भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों के बैंक सखी के रूप में बैंक में वीसी के रूप में सेवायें ले सकती हैं। उन्होंने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की जानकारी दी। बैठक में वर्ष 2019-20 में शासकीय योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्यों की समीक्षा के साथ शासन की विभिन्न प्रायोजित योजनाओं के तहत केएनपी ऋण खाते एवं आरआरसी दायर खातों पर भी चर्चा की गई। बैठक में आरसेटी की प्रगति वित्तीय साक्षरता की प्रगति की समीक्षा कर जिले के सभी बैंकों के ऋण जमा अनुपात पर भी चर्चा की गई ।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक एम.पी.एच.आई.एन. /31130
निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478